
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः-हार से तिलमिलाई कनिका मान ने चैनल पर लगाए गंभीर आरोप

वर्ष -08 अंक -178 | प्रयागराज, बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरीकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने की चीन की निंदा

**टोक्यो।** अमेरिकी कांग्रेस की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद अब अमेरीकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने जापान की यात्रा की। कमला हैरिस ने सोमवार को जापान की राजधानी टोक्यो में प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्होंने जापान की रक्षा के लिए संयुक्त राज्य की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसके अलावा उन्होंने ताइवान के खिलाफ की जा रही कारवाइ पर चीन की निंदा भी की। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी



कर बताया कि कमला हैरिस ने ताइवान पर चीन के उकसावे को लेकर चर्चा की और ताइवान में शांति और स्थिरता बनाए रखने की भी पुष्टि की। मालूम हो कि कमला हैरिस इस समय अपनी एशिया दौरे पर है और इस यात्रा में वह दक्षिण कोरिया भी जाएंगी। चीन, ताइवान को अपने प्रांतों में से एक के रूप में देखता है और लंबे समय से बीजिंग, ताइवान पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की साजिशें रच रहा है। वहीं ताइवान की सरकार चीन के दावों पर हमेशा से आपत्ति जताती आ रही है। ताइवान ने कहा है कि 23 मिलियन लोग ही इस देश का भविष्य तय कर सकते हैं।जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने आई कमला हैरिस ने जापान के पीएम किशिदा के साथ उत्तर कोरिया के हालिया बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण के साथ-साथ उत्तर कोरिया द्वारा जापनी नागरिकों के अपहरण मुद्दे को हल करने पर भी जोर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट की लाईव स्ट्रीमिंग देख सकेंगे लोग


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के लिए आज का दिन काफी महत्पूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में आज सुनवाई का प्रसारण होगा। आज करीब तीन अलग-अलग केसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी



है। आज से सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ की सभी सुनवाई का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार की पर लाइव स्ट्रीमिंग से जुड़ा लिंक भी शेयर किया गया है दरअसल, आपको सुप्रीम कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग देखने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट पर जाना होगा। इसके बाद यहां आपको संविधान पीठ के उन मामलों के वीडियो लिंक मिलेंगे, जहां इन मामलों की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने थ्र्व्प्रसारण के बारे में कापीराइट का मुद्दा उठाए जाने पर कहा था कि जल्द ही कोर्ट का अपना प्लेटफार्म होगा। फिलहाल प्रसारण सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जाकर वेबकास्ट के जरिये उपलब्ध होगा। इस दौरान संविधान पीठों में संवैधानिक महत्व के व्यापक असर वाले मामलों की सुनवाई होगी। इन सुनवाई को आम जनता या फिर के भ्दल्ऊलं पर भी देख सकते हैं। बता दें कि जिन मामलों की आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। उनमें आर्थिक आरक्षण, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकारों के विवाद और बार काउंसिल के नियमों से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई होगी। तीनों मामलों की सुनवाई संविधान पीठ करेगी। ण्व्र् यूयू ललित, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यतक्षता वाली पीठ इन मामलों की सुनवाई करेगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट में सभी मामलों की सुनवाई का प्रसारण नहीं होगा।

## बांग्लादेश में नाव पलटने से अब तक 50 की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ढाका।** बांग्लादेश के पंचगढ़ में रविवार को नाव पलटने से अब तक 50 की मौत हो गई। रविवार को मरने वालों की संख्या 26 थी, जो कि अब बढ़ गई है। डेली स्टार ने अतिरिक्त उपायुक्त के हवाले से बताया कि दीपांकर रॉय ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि की है। मरने वाले लोगों में 25 महिलाएं और 13 बच्चे भी शामलि हैं। नाव में सवार होकर ये सभी लोग महालया (त्योहार) मनाने के लिए बोदेश्वरी मंदिर जा रहे थे। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार रविवार दोपहर को मारिया यूनियन के औलिया घाट से नाव पलटने की सूचना मिली थी। पंचगढ़ के उपायुक्त जहीरुल इस्लाम ने इस घटना की पुष्टि की थी।



## पीएम मोदी जापान पहुंचे, दिवंगत प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में हुऐ शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए टोक्यो पहुंच गए हैं। पीएम यहां से अकासाका पैलेस जाएंगे, जहां उनका अभिवादन किया जाएगा। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री बुडोकन में राजकीय अंतिम संस्कार समारोह में शामिल होंगे। पीएम मोदी की जापान यात्रा कुल 12 से 16 घंटे की है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जापान के पीएम किशिदा और श्रीमती आबे से भी मुलाकात करेंगे। व्यक्तिगत रूप से अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए पीएम किशिदा के साथ अभिवादन के अवसर के अलावा, पीएम मोदी अपने जापानी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। जापान जाने से कुछ घंटे पहले, पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि कि वह पूर्व पीएम शिंजो आबे जो कि एक प्रिय मित्र और भारत-जापान मित्रता के एक महान चैंपियन थे, उनके अंतिम संस्कार



में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं सभी भारतीयों की ओर से प्रधानमंत्री किशिदा और श्रीमती आबे के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करूंगा। पीएम ने कहा कि हम आबे की परिकल्पना के अनुसार भारत-जापान संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे। आबे का राजकीय अंतिम संस्कार आज होगा और इसमें दुनिया भर के हजारों गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों सहित सौ से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के इस अंतिम संस्कार में भाग लेने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी शिंजो आबे को अपना प्रिय मित्रा मानते थे। वे प्रधानमंत्री आबे के साथ गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री रहते हुए कई बार बैठकें कर चुके है। दोनों नेताओं ने भारत-जापान संबंधों को विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी का दर्जा दिलाया है। बता दें कि शिंजो आबे की 8 जुलाई को नारा शहर में एक अभियान भाषण के दौरान हत्या कर दी गई थी। भारत ने शिंजो आबे के सम्मान में 9 जुलाई को एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की थी।

## देश में कोरोना के मामलों में राहत, 24 घंटे में आए 3230 नए केस; 32 लोगों की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में बड़ी गिरावट दर्ज की जा रही है। लगातार तीन दिनों से कोरोना के 5 हजार से कम मामले



सामने आ रहे हैं। मंगलवार को भी कोरोना के मामलों में कमी आई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 27 सितंबर को कोरोना संक्रमण के 3,230 नए मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोरोना से 4,255 लोग रिकवर भी हुए हैं। इसके साथ एक्टिव केस घटकर अब 42,358 हो गए हैं। एक दिन में सक्रिय मरीजों की संख्या 1,057 की कमी दर्ज की गई है। मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान 32 मरीजों की मौत हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 22 लोगों की मौत हुई। देश में कोरोना के अब तक कुल 4 करोड़ 45 लाख 75 हजार 473 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, कुल 5 लाख 28 हजार 562 लोगों की मौत हो चुकी है। एक्टिव केस अभी कुल मामलों का 0.10 हो गया है।

## कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद का पाकिस्तानी आतंकी ढेर, मुठभेड़ में दो नागरिक और सेना का जवान घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जम्मू ।** कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का पाकिस्तानी आतंकी को मार गिराया। इस दौरान दो नागरिक



और सेना का एक जवान भी घायल हुए हैं। देर रात तक मुठभेड़ जारी रही। इसमें एक से दो और आतंकियों के सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे होने की आशंका है। पुलिस, सीआरपीएफ और सेना ने एक पुख्ता जानकारी मिलने के बाद बटपोरा गांव में तलाशी अभियान चलाया। जैसे ही सुरक्षाबल आतंकियों के छिपने वाली जगह पर पहुंचे तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी करारा जवाब दिया। इसके साथ ही मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में जैश का पाक आंतकी अबु हुरा मारा गया है। हुरा की काफी समय से सुरक्षाबलों को तलाश थी। मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से जारी गोलीबारी के दौरान सेना का एक जवान और दो नागरिक अभी तक इस मुठभेड़ में घायल हो चुके हैं। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल को चारों ओर से घेरा हुआ है ताकि कोई भी आतंकी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग न जाए। वहीं कश्मीर जोन पुलिस ने भी एक आतंकी के मारे जाने की पुष्टि की है। घायल तीनों की हालत स्थिर बनी हुई है। पुंछ जिले में सोमवार को एक ग्रेनेड मिलने के बाद दहशत का माहौल बन गया। सुरक्षा बलों ने ग्रेनेड को अपने कब्जे में लेकर उसे निष्क्रिय कर दिया है। गौरतलब है कि 16 सितंबर को पुंछ जिला विकास परिषद के सदस्य सोहेल शहजाद मलिक के आवास पर रहस्यमय परिस्थितियों में विस्फोट हुआ था, जिसमें उनका निजी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। इस घटना के दस दिन के भीतर उसी क्षेत्र से दोबारा ग्रेनेड मिलना सुरक्षा बलों के लिए चिंता का विषय है। वहीं क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## दिल्ली-यूपी और महाराष्ट्र समेत 7 राज्यों में छापेमारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आतंकी फंडिंग के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी आज फिर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया




के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। एनआईए की टीम मंगलवार सुबह से ही कई राज्यों में छापेमारी कर रही है। छापेमारी के दौरान 7 राज्यों में 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। साथ ही कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है। जिन राज्यों में छापेमारी की जा रही है उनमें यूपी, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और असम शामिल हैं कर्नाटक में बड़ी संख्या में पीएफआई सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि पीएफआई और एसडीपीआई के 75 से ज्यादा सदस्यों को एहतियात के तौर पर हिरासत में लिया गया है। इसमें एसडीपीआई का जिला प्रमुख भी शामिल है। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में एटीएस और स्थानीय पुलिस मिलकर ऑपरेशन चला रही है। नासिक पुलिस ने पीएफआई से जुड़े 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके अलावा औरंगाबाद से 13 जबकि मालेगांव से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में निजामुद्दीन, शाहीन बाग इलाके में इइघ् के ठिकानों पर छापेमारी हुई है। ये अभियान एनआईए और दिल्ली पुलिस ने मिलकर चलाया है। छापेमारी में 4 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। एनआईए और एटीएस ने प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, शाजापुर समेत 7 जगहों पर छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि रात तीन बजे से यहां छापेमारी की जा रही है। शहर में पीएफआई के सचिव यूसुफ और जिला कमेटी सदस्य सईद टेलर के यहां छापामार कार्रवाई की गई। इनमें से एटीएस ने टेलर को हिरासत में लिया है।

## प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में धोखाधड़ी रोकने के लिए प्रौद्योगिकी का हो उपयोग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन




आरोग्य योजना में धोखाधड़ी की किसी भी गुंजाइश को दूर करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर दिया। मांडविया ने कहा कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में धोखाधड़ी के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। इसका उद्देश्य समाज के सबसे गरीब लोगों की स्वास्थ्य देखभाल करना है। मांडविया आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के चार साल पूरे होने और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन (एबीडीएचएम) के एक साल पूरे होने पर आयाजित दो दिवसीय आरोग्य मंथन 2022 के समापन दिवस पर बोल रहे थे। इस अवसर पर केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज और नीति आयोग के सदस्य डा. वीके पाल भी जौजूद रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य (आंध्र प्रदेश), शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिले (आंध्र प्रदेश में पार्वतीपुरम मान्यम), शीर्ष प्रदर्शन करने वाली सरकारी अस्पताल (जिला अस्पताल धारवाड़, कर्नाटक) को आयुष्मान उत्कृष्ट पुरस्कार (आयुष्मान उत्कृष्टता पुरस्कार) 2022 से सम्मानित किया। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों - केरल, मेघालय, गुजरात, मणिपुर, झारखंड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले केंद्र शासित प्रदेशों - चंडीगढ़ और जम्मू और कश्मीर के साथ-साथ प्रधानमंत्री आरोग्य मित्र को भी सम्मानित किया।

## राजस्थान कांग्रेस की खींचतान का गुजरात में भी पड़ेगा असर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अहमदाबाद।** राजस्थान की सियासत में जो उथल-पुथल मची



है, वो गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए मुसीबत का कारण बन सकती है। भाजपा व आम आदमी पार्टी के बीच फंसी कांग्रेस गुजरात के रण में पिछड़ सकती हैं। मुख्यमंत्री पद को लेकर राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर आंतरिक खींचतान चरम पर है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुजरात चुनाव में पार्टी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक हैं। गुजरात कांग्रेस के प्रभारी डा रघु शर्मा भी राजस्थान से ही हैं। ऐसे में राजस्थान में खींचतान का नुकसान कांग्रेस को गुजरात विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ सकता है। गुजरात में इसी साल के अंत में चुनाव होने हैं। गहलोत के अलावा उनके सिपहसालार भी राजस्थान की उधेड़बुन में उलझ गए हैं। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट सीएम बनें या नहीं, अशोक गहलोत के लिए सिरदर्द तो रहेंगे ही। गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की बात तय होते ही उनके खेमे की ओर से अटकलबाजी शुरू कर दी गई थी कि सचिन पायलट को असम और बंगाल का प्रभारी बनाकर भेजा जाएगा। पायलट खेमे से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। सचिन को राजस्थान से बाहर भेजने को लेकर क्या फैसला होगा, यह भविष्य के गर्भ में है।

## क्या अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर किए जाएंगे अशोक गहलोत


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जयपुर।** अशोक गहलोत के उत्तराधिकारी की नियुक्ति को लेकर राजस्थान में मचे सियासी बवाल से कांग्रेस बैकफुट पर नजर आती प्रतीत हो रही है। समाचार एजेंसी पीटीआइ ने सूत्रों के हवाले से सनसनीखेज जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने सोनिया गांधी से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पार्टी प्रमुख की दौड़ से बाहर करने और शीर्ष पद के लिए किसी अन्य



उम्मीदवार का चयन करने की मांग की है। सूत्रों ने बताया कि राजस्थान में ताजा सियासी घटनाक्रम और गहलोत खेमे के विधायकों के आचरण से नाराज कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने पार्टी प्रमुख के पास उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि अशोक गहलोत पर अध्यक्ष के तौर पर विश्वास जताना अच्छा नहीं होगा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को उनकी उम्मीदवारी पर पुनर्विचार करना चाहिए। सदस्यों ने सोनिया गांधी से ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने की गुजारिश की जो वरिष्ठ नेता हो और गांधी परिवार के प्रति भी वफादार हो। सूत्र बताते हैं कि सोनिया गांधी ने अशोक गहलोत के खेमे के विधायकों के पार्टी नेतृत्व द्वारा जयपुर भेजे गए दो पर्यवेक्षकों - मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन से नहीं मिलने का संज्ञान लिया है। गौरतलब है कि गहलोत खेमे के विधायक कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में शामिल नहीं हुए थे। मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर दिग्विजय सिंह और मुकुल वासनिक जैसे अन्य नेता संभावित उम्मीदवारों की सूची में शामिल किए जा सकने वाले कुछ नाम हैं। अभी तक की प्राप्त जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के शीर्ष पद की दौड़ में शशि थरूर भी शामिल बताए जाते है जो 30 सितंबर को नामांकन दाखिल कर सकते है।

## शिकागो पुलिस स्टेशन में गोलीबारी, अधिकारी समेत दो लोगों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**शिकागो।** अमेरिका में एकबार फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। शहर के वेस्ट साइड में एक पुलिस स्टेशन के अंदर सोमवार को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति को गोली मारी गई है। घटना में शिकागो का एक पुलिस अधिकारी भी घायल बताया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता टाम अहर्न के अनुसार होमन स्क्वायर की इमारत पर कुछ लोगों ने अंधाधुंद गोलीबारी की, जिसके बाद वे भाग गए।शिकागो अगिनशमन विभाग के अनुसार अधिकारी को स्थिर हालत में सिनाई अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि उसे गोली नहीं मारी गई थी। अपराधी किसी दूसरे व्यक्ति को गोली मारने आए थे, लेकिन दोनों को गोली लग गई।



# डॉ. ईशान्या राज को मिला एक्सीलेंट सम्मान




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय की नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. ईशान्या राज को शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए वैश्विक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह आयोजन इंडिया इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली की ओर से किया गया था। यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय परिषद की ओर से स्वास्थ्य और समाज कल्याण के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए दिया जाता है।

# पत्र के माध्यम से भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री को दी बधाई, की सराहना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(बारा) प्रयागराज।।** विश्व पटल पर भारत को नई पहचान दिलाने वाले देश के सर्वोच्च नेता हम सभी के प्रेरणा स्रोत प्रधानमंत्री जी को जन्मदिवस की बधाई देता हूं गरीब कल्याण सुशासन विकास राष्ट्र सुरक्षा व ऐतिहासिक सुधारों के समांतर समन्वय से प्रधानमंत्री जी ने मां भारती को पुनः सर्वोच्च स्थान पर आसीन करने के अपने संकल्प को धरातल पर चरितार्थ किया है। उक्त बातें आज जसरा में अयोजित शुभकामना हेतु पत्र लेखन कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कही बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के तहत आज मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री को शुभकामना संदेश पत्र के माध्यम से भेजा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया व संचालन महामंत्री नीरज केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, राजा बाबू पाठक, जसरा प्रधान आशीष सोनकर, राम केसरवानी, आकाश केसरवानी, अमित पासी, शंकर लाल गुप्ता, वीरेंद्र पाठक, अंबुज त्रिपाठी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शुआट्स में इंटर हाउस टेबल टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(नैनी) प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में इंटर हाउस टेबल टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। पुरुष वर्ग में उद्घाटन मैच रेड हाउस बनाम ब्लू हाउस के बीच टेबल टेनिस कोर्ट में खेला गया। रेड हाउस ने ब्लू हाउस के खिलाफ मैच जीता। महिला वर्ग में ब्लू हाउस ने येलो हाउस के खिलाफ मैच जीता। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) पीजे जॉर्ज, निदेशक सीएचआरडी थे। उन्होंने खिलाड़ियों को अच्छी खेल भावना के साथ खेलने के लिए कहा एवं सलाह दी कि खेल ही हमें आत्मविश्वास और आपसी भाईचारा सिखाता है। उन्होंने खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य की कामना की। उद्घाटन समारोह के समय एथलेटिक्स कमेटी के अध्यक्ष व संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) डॉ. सी.जे. वेस्ले, विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता बी. जॉन, चीफ प्रॉक्टर डॉ. देवराज बडागू, शारीरिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे. प्रतियोगिता का आयोजन टेबल टेनिस प्रभारी श्री तनवीर अहमद के पर्यवेक्षण में किया गया।





# ज्वाला देवी विद्या मंदिर स्कूल के बाहर बमबाजी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में एक स्कूल के बाहर बमबाजी से खलबली मच गई। सिविल लाइंस स्थित ज्वाला देवी विद्या मंदिर स्कूल के बाहर कुछ लोगों ने बमबाजी करके रात में दहशत फैला दी। हालांकि वारदात रात में हुई लेकिन घटना से शिक्षकों और छात्रों में भय व्याप्त हो गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किन लोगों ने बमबाजी की, क्यों घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ऐसा करने वालों की तलाश कर रही है।

# नवनियुक्त प्रवक्ताओं ने तैनाती को किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता 2020 के तहत चयनित अभ्यथिर्यों ने तैनाती की मांग को लेकर मंगलवार को शिक्षा निदेशालय में प्रदर्शन किया। अभ्यथिर्यों पंकज कुमार, अनुज मिश्र, अश्वनी राय, मुशर्रफ हुसैन, शुभम आर्य, कुमार सौरभ, संजय कुमार, अभिषेक दुबे, प्रभाकर और प्रदीप तिवारी आदि का कहना है कि उनका अंतिम परिणाम घोषित हुए तीन महीने से अधिक का समय बीत चुका है। 16 विषयों में तकरीबन 1340 प्रवक्ताओं का अंतिम रूप से चयन हुआ है। जिलों में प्रवक्ता की कमी के बावजूद निदेशालय स्तर से पदस्थापन नहीं किया जा रहा। अभ्यथिर्यों ने अपर शिक्षा निदेशक राजकीय केके गुप्ता को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द ऑनलाइन तैनाती करने की मांग की।



# शुआट्स विश्वविद्यालय मे ओटीटी प्रीमियर की हो रही शूटिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(नैनी) प्रयागराज।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रीमियर के लिए तैयार, गार्मी में कथित तौर पर मुकेश तिवारी, विनीत कुमार और जतिन गोस्वामी मुख्य भूमिकाओं में हैं। पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता तिग्मांशु धूलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने अपने आगामी स्ट्रीमिंग शो गार्मी के पहले शेड्यूल को पूरा कर लिया है। टीम भोपाल, मध्य प्रदेश में फिल्मांकन कर रही थी।



# नवरात्र के दूसरे दिन देवी मंदिरों में भक्तों ने किया दर्शन-पूजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का श्रृंगार पूजन किया गया। शक्तिपीठ ललिता देवी, कल्याणी देवी और अलोपशंकरी देवी मंदिर में भक्तों ने देवी को चुनरी, नारियल, नैवेद्य, फल, मिष्ठान आदि अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में आचार्यों के सानिध्य में अनुष्ठान पूजन किया गया। दुर्गा पूजा के तहत पंचमी को पंडालों में देवी विराजमान होंगी। बारवारी कमेटियों की ओर से दुर्गा प्रतिमाओं को पूजा स्थल पर लाने का क्रम शुरू हो गया है। कल्याणी देवी में पं. सुशील पाठक के सानिध्य में मां कल्याणी का ब्रह्मचारिणी स्वरूप का श्रृंगार किया गया। ललिता देवी में विश्व कल्याण के निमित्त शतचंडी यज्ञ में आहुतियां दी गईं।



# माता-पिता के साथ ही रहकर बच्चे का हो सकता है सर्वांगीण विकास : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निणन्य में कहा कि बच्चे का सर्वांगीण विकास उसे जन्म देने वाले माता-पिता के पास ही संभव है। भले ही पालन-पोषण वाले अभिवावक उसकी कितनी ही अच्छी देखभाल करते हों। बच्चे का अधिकार है कि उसे सगे मां-बाप की पहचान से अवगत कराया जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अलीगढ़ में अपने मामा-मामी के पास रह रही पांच साल की बच्ची को उसे जन्म देने वाले मां-बाप को सुपुर्द करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि बच्ची का पालन करने वाले मामा-मामी साल में एक या दो बार ही बच्ची से मिल सकते हैं। ये आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल एवं न्यायमूर्ति सुधारानी ठाकुर की खंडपीठ ने नसरीन बेगम और प्रो. मोहम्मद सज्जाद की अपीलों पर सुनवाई करते हुए दिया। मामले के तथ्यों के मुताबिक प्रो. सज्जाद और उनकी पतनी निसंतान हैं। जिसके बाद प्रो. सज्जाद ने अपने एक रिश्तेदार से उनका बच्चा पालने के लिए लिया था, लेकिन रिश्तेदार ने तीन महीने बाद ही अपना बच्चा वापस ले गए। इससे सज्जाद और उनकी पतनी को मानसिक आघात पहुंचा।



# इलाहाबाद विश्वविद्यालय फीस वृद्धि: भू समाधि ले रहे छात्रों को पुलिस ने रोका, बिगड़ी तबियत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में मंगलवार दो भू समाधि ले रहे दो प्रदर्शनकारी छात्रों को पुलिस ने गड्ढे से निकाला। इसी बीच बाक़ी छात्रों से पुलिसकमिर्यों की झड़प हो गयी जिसके बाद दो का स्वास्थ बिगड़ गया है। विश्वविद्यालय की फीस 400ज्ञ् बढ़ाए जाने के विरोध में पिछले 22 दिनों से परिसर के अंदर और बाहर छात्रों के द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जा रहा है। आज इस क्रम में दो आंदोलनकारी छात्र आदर्श भदौरिया और सत्यम कुशवाहा ने परिसर में ही भू-समाधि लेने की ठानी। उन्होंने लगभग तीन फ़ीट गड्ढा खोदा और उसमें लेट गए। लेकिन जैसे ही मिट्टी डाली जाने वाली थी पुलिस बल ने आकर उन्हें वहाँ से उठा दिया। पुलिसकमिर्यों से बाक़ी छात्रों की धक्का मुक्की भी हुई । जिसकें दोनों की हालत बिगड़ गयी। इसी बीच चार गुना फीस वृद्धि से नाराज हैं छात्राएं भी छात्रों के समर्थन में उतर पड़ी हैं। परिसर में जगह-जगह सभाएं कर अपना विरोध ज़ाहिर कर रहीं हैं। उन्होंने वीसी संगीता श्रीवास्तव के उस बयान को झूठा करार दिया जिसमें उन्होंने कहा था की फीस 100 साल से नही बढ़ायी गयी है । छात्राओं का कहना था की हॉस्टल फीस 5000 रुपए से 15 हज़ार तक हो गया है । फीस वृद्धि के विरोध में छात्र 22 दिनों से अनशन पर बैठे हैं, लेकिन अभी तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन उनके ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज करा कर चुप बैठ गया है।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्र्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटें पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **30 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलब्ध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# बलिया पुलिस टीम को मिली सफलता 20 लाख की अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बलिया।** एसपी राजकरन नय्यर के निर्देशन तथा एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी रसड़ा एसएन वैस के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुभाष चन्द यादव व रसड़ा पुलिस टीम के उनि अजय कुमार यादव मय फोर्स व एध्ठ टीम प्रभारी उनि अजय यादव मय टीम व आबकारी रतलाम मध्य प्रदेश) बताया। जाकिर के पास से एक नोकिया किपैड मोबाइल बरामद हुआ। वहीं, अ्ण्श् ट्रक को चेक किया गया तो 584 पेटी, प्रत्येक पेटी 48 शीशी, प्रत्येक शीशी 180 की पायी गयी, जिस पर अलग अलग कम्पनी के रैपर लगी हुई कुल 5045.76 लीटर शराब बरामद हुई। वाहन के अजय यादव, हेका आशीष यादव बृजेश यादव, का. विवेक पाण्डेय का. अजय मौर्या, एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक अजय यादव हेका वे प्रकाश दूबे, आलोक कुमार सिंह, का. राकेश कुमार यादव, रोहित कुमार यादव, विनोद रघुवंशी, विकास सिंह, कृष्ण कुमार सिंह व आबकारी निरीक्षक



निरीक्षक दिनेश कुमार पासवान मय टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने गढिया क्रासिंग पर बैरिकेटिंग कर रेलवे क्रासिंग के पास से एक व्यक्ति को डीसीएम ट्रक नं.-22 7588 के साथ पकड़ लिया। उसने अपना नाम जाकिर हुसैन पुत्र अहमद अली (निवासी ग्राम धराड़ थाना बिलपाक जिला सम्बन्ध में कागजात मांगा गया तो दिखाने से कासिर रहा। पुलिस ने वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज करने के साथ ही अभियुक्त को धारा 272, 273, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 60 (1)/63/72 आबकारी अधिनियम में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस टीम में एसआई दिनेश कुमार पासवान, हेका मो. परवेज, का. हरपाल सिंह शामिल रहे। बरामदगी का विवरण 584 पेटी अवैध अपमिश्रित शराब 5045.76 लीटर (कीमत लगभग 20 लाख) 01 लाल रंग की डीसीएम ट्रक नम्बर -22 7588 (कीमत लगभग 18 से 20 लाख) एक किपैड नोकिया मोबाइल।

# चार दिन से लापता वृद्ध का खेत में मिला शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बरईपार।** मछलीशहर के बारी गांव से चार दिन पहले लापता हुए एक वृद्ध का शव घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर धान के खेत में सोमवार को मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार बारी गांव निवासी रामकिशोर पटेल (90) घर से टहलने निकले थे। शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। असफल रहने पर परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीण धान की फसल देखने खेत गए तो वहां रामकिशोर का शव पड़ा था। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि चार दिन पहले बुजुर्ग के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।






# जांच करने पहुंचे एडीएम प्रशासन व एसपी सिटी कई पुलिसकर्मी तैनात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**अलीपुर।** तनाव की स्थिति अलीपुर गांव में ग्राम पंचायत भवन के निर्माण को लेकर भूमि चिह्नित की गई है। भूमि विवादित है। इस पर कब्जा भी है। इसी को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषि कांत राय कार्यकर्ताओं के साथ बीते शनिवार को तहसील पहुंचे। वार्ता के दौरान में ग्राम पंचायत भवन के निर्माण को लेकर भूमि चिह्नित की गई है। भूमि विवादित है। इस पर कब्जा भी है। इसी को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषि कांत राय कार्यकर्ताओं के साथ बीते शनिवार को तहसील पहुंचे। वार्ता के दौरान तहसील कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हो गई। मामले में जिलाधिकारी




तहसील कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हो गई। तहसील परिसर में शनिवार को भाजपा नेताओं और तहसीलदार, एसडीएम और राजस्वकर्मियों के साथ हुई मारपीट को लेकर अब भी तनाव है। तहसील में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं घटना की जांच करने के लिए सोमवार को एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र व एसपी सिटी शैलेंद्र लाल जांच करने पहुंचे। जानकारी के मुताबिक अलीपुर गांव विशाल भारद्वाज ने एडीएम प्रशासन और एसपी सिटी को जांच सौंपी है। डीएम ने दो दिन के भीतर जवाब मांगा है। ऐसे में सोमवार को जांच अधिकारी एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्रा व एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने पहले घूम कर वहां का निरीक्षण किया जहां पर विवाद शुरू हुआ था। दोनों अधिकारियों ने एक-एक बिंदु की जांच की। साथ ही घटना की पूरी जानकारी जुटाई। देर शाम तक वह तहसील का निरीक्षण करते रहे।

# नवरात्र के व्रत में महिलाएं रखे अपना खास ख्याल खानपान पर विशेष ध्यान दें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हरहुआ/वाराणसी।** नवरात्रि की शुरुआत हो गई है और चारों ओर मां की भक्ति का माहौल है अगर गर्भवती महिला नवरात्र के दौरान व्रत रखना चाहे तो उसे अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता है। व्रत के दौरान इसका प्रभाव केवल मां पर ही नहीं अपितु होने वाली संतान पर भी पड़ता है। पहली तिमाही में गर्भवती महिला व्रत न रखे तो अच्छा होगा क्योंकि लंबे समय तक भूखा रहने पर जी मिचलाना एवम् उल्टी की समस्या हो सकती है। साथ ही तीसरी तिमाही में व्रत के साथ चक्कर आने का खतरा हो सकता है। गर्भवती महिला को यदि कोई अन्य संक्रमण है तो वो व्रत ना रखे। व्रत के दौरान गर्भ में भरूण की हलचल पर ध्यान दें तथा कुछ परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टरी परामर्श लें। पूरी तरह स्वस्थ्य गर्भवती महिला को ही नवरात्र का व्रत रखना चाहिए। गर्भावस्था में महिला का शरीर पूरा पोषण चाहता है और ऐसे में उसे संतुलित आहार की आवश्यकता होती है। ज्यादा तली भूनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। व्रत के दौरान गर्भवती महिला को हर दो घंटे में कुछ ना कुछ पौष्टिक चीजें (फल, दूध एवम् सूखे मेवे) का सेवन करना चाहिए। साथ ही अधिक से अधिक पानी और नारियल पानी का सेवन करे। उचित होगा कि व्रत रखने से पूर्व गर्भवती महिला को चिकित्सक की भी सलाह ले लेनी चाहिए।



# नहीं रहे जिगर के टुकड़े माता-पिता कर रहे सलामती की दुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**जौनपुर।** हिमाचल प्रदेश में हुए हादसे में जौनपुर के ऋषभ राज गुप्ता और सौरभ गुप्ता की मौत की जानकारी अभी माता-पिता को नहीं दी गई है। परिजनों ने उनको सिर्फ घायल होने की जानकारी दी है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में हुए हादसे में जान गंवाने वाले जौनपुर के ऋषभ राज गुप्ता और सौरभ गुप्ता के माता-पिता को अभी तक पता नहीं है कि उनके पुत्र दुनिया में नहीं रहे। परिजनों ने उनको सिर्फ घायल होने की जानकारी दी है। ऋषभ इकलौता पुत्र था। दोनों के रिश्तेदार शव लाने के लिए हिमाचल रवाना हो गए हैं। जौनपुर नगर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रसूलाबाद मोहल्ले के निवासी जितेंद्र गुप्ता के पुत्र ऋषभ राज गुप्ता (30) दिल्ली में इंजीनियर थे। परिजनों ने बताया कि वह दोस्तों के साथ घूमने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान हादसा हो गया। वहीं हादसे में नई कॉलोनी हुसेनाबाद के निवासी ब्रजेश गुप्ता के पुत्र सौरभ गुप्ता की मौत हो गई है। सौरभ एक निजी कंपनी में दिल्ली में काम करते थे। वहीं से करीब पांच दिन पहले अपने साथियों के साथ कुल्लू मनाली घूमने के लिए गए थे। रविवार रात को उनका टेंपो ट्रेवलर खाई में जा गिरा, जिसमें दोनों युवकों के समेत सात लोगों की मौत हो गई। सौरभ के पिता ब्रजेश गुप्ता दवा के व्यापारी हैं और मां शर्मिला रानी सिरकोनी ब्लाक में शिक्षक हैं। जबकि ऋषभ के पिता जितेंद्र गुप्ता अधिवक्ता हैं और मां परिषदीय स्कूल में शिक्षक के पद पर हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि ऋषभ गुप्ता इकलौता पुत्र था। पुत्र के निधन की खबर को वह सह नहीं पाएंगे जिससे उनके माता-पिता को अभी उसके घायल होने की ही जानकारी दी गई है। उनके चचेरे भाई हिमाचल शव लेने के लिए गए हुए हैं। वहीं सौरभ गुप्ता के माता-पिता को भी लोगों ने बेटे के निधन की सूचना नहीं दी है। वह लोग बेटे की सलामती की दुआ कर रहे हैं।



# अस्पताल जाते समय हाईवे पर टोटो में हुआ बच्ची का जन्म, सुरक्षा के लिए साड़ी से बनाया घेरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** मंगलवार सुबह वाराणसी में एक महिला ने हाईवे किनारे एक बच्ची का जन्म दिया। महिला को प्रसव पीड़ा होने पर उसके परिजन टोटो से लेकर उसे हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए निकले। परिजन उसे हरहुआ बाजार में लेकर पहुंचे थे उसी समय प्रसव पीड़ा बढ़ जाने के चलते राधा जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगी। वाराणसी बाबतपुर फोरलेन पर हरहुआ बाजार में मंगलवार को एक गर्भवती महिला ने टोटो में एक बच्ची को जन्म दिया। प्रसव पीड़ा होने के बाद महिला को टोटो से लेकर उसके परिजन उसे हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जा रहे थे। हाईवे किनारे प्रसव होने के बाद उसके परिजन उसे हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए, जहां जच्चा बच्चा को भर्ती करने के साथ ही आवश्यक कार्रवाई की गई। चिकित्सकों ने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। जानकारी अनुसार शिवपुर थाना क्षेत्र के पाचों पंडवा के रहने वाले रतन सोनकर की पतनी राधा सोनकर (32) गर्भवती थी। मंगलवार की सुबह में राधा को प्रसव पीड़ा होने पर उसके परिजन पड़ोस के रितेश कुमार सोनकर की टोटो से लेकर उसे हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए निकले। परिजन उसे हरहुआ बाजार में लेकर पहुंचे थे उसी समय प्रसव पीड़ा बढ़ जाने के चलते राधा जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगी। टोटो में बैठी लक्ष्मी देवी और चंपा देवी नामक महिलाओं ने टोटो चालक से टोटो रुकवा दिया। सड़क किनारे टोटो खड़ी करके एक साड़ी के सहारे टोटो को कवर किया गया। उसके बाद करीब नौ बजे राधा ने एक बिटिया को जन्म दिया। इस दौरान वहां से गुजरने वाले राहगीर भी रुक कर देखने लगे। कई लोगों ने राधा उसके परिजनों की मदद भी की। प्रसव हो जाने के बाद बेहोशी की हालत में टोटो में बैठी राधा को लेकर उसके परिजन हरहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जच्चा-बच्चा को तुरंत भर्ती किया गया और दोनों की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। एक दिन पहले ही खरीदा था टोटो राधा के परिवार वालों ने बताया कि वे एंबुलेंस को फोन कर बुलाने वाले थे लेकिन उनके घर के समीप रहने वाले रितेश कुमार सोनकर ने सोमवार को ही टोटो खरीदा था। ऐसे में प्रसव पीड़ा से कराह रही राधा को देख कर लोगों ने सोचा कि जब तक एंबुलेंस को फोन करके बुलाया जाएगा, तब तक टोटो से ही उसे लेकर लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ पहुंच जाएंगे। यही कारण था कि लोगों ने सरकारी एंबुलेंस को सूचना नहीं दिया और टोटो से ही महिला को लेकर निकल पड़े। हालांकि हाईवे किनारे टोटो में ही प्रसव होने के बाद उनको अपनी गलती का एहसास हुआ कि जल्दबाजी में लिए गए फैसले के चलते जच्चा और बच्चा दोनों की जान को खतरा हो सकता था।



# आतंकवादी संगठन पर लगे प्रतिबंध, यह देश के लिए है खतरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** एक कट्टरपंथी संगठन है। 2017 में ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। जांच में इस संगठन के कथित रूप से हिंसक और आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने के बात आई थी। के डोजियर के मुताबिक यह संगठन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। पुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को प्रतिबंधित करने के लिए पूरे देश में आवाज उठ रही है। ऐसे में गोरखपुर सांसद रवि किशन ने भी इसे बैन करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीएफआई पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है। यह एक आतंकवादी संगठन है, जो देश के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि जहां भी कम्युनिस्ट की सरकार है, वहां पीएफआई मजबूती से काम कर रही है। इसका गढ़ केरल है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि भारत अब 2014 से पहले का वाला देश नहीं है। पीएम मोदी की अगुवाई में यहां एक मजबूत सरकार है। पीएफआई के लोग आरएसएस व भाजपा नेताओं की हत्या की धमकी दे रहे हैं। इनके साथ भारतीय मुसलमान नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यहां न तो कमान, न कोई तीर है, बस नाम का आलाकमान है। इन लोगों को भारत जोड़ों की जगह कांग्रेस जोड़ों की यात्रा निकालनी चाहिए। राहुल को चाहिए कि केरल से जल्दी लौटें और कांग्रेस को बचाएं। क्या है पीएफआई बता दें कि् एक कट्टरपंथी संगठन है। 2017 में ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। ्ईं जांच में इस संगठन के कथित रूप से हिंसक और आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने के बात आई थी। ्ईं के डोजियर के मुताबिक यह संगठन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। यह संगठन मुस्लिमों पर धार्मिक कट्टरता थोपने और जबरन धर्मांतरण कराने का काम करता है। पुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई का गठन 17 फरवरी 2007 को हुआ था। ये संगठन दक्षिण भारत के तीन मुस्लिम संगठनों का विलय करके बना था। इनमें केरल का नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट, कर्नाटक फोरम फॉर डिगिन्टी और तमिलनाडु का मनिथा नीति पसराई शामिल थे। पीएफआई का दावा है कि इस वक्त देश के 23 राज्यों यह संगठन सक्रिय है। देश में स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट यानी सिमी पर बैन लगने के बाद पीएफआई का विस्तार तेजी से हुआ है। कर्नाटक, केरल जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों में इस संगठन की काफी पकड़ बताई जाती है। इसकी कई शाखाएं भी हैं।



# गोरखपुर में ध्वस्त कराए जाएंगे सभी जर्जर भवन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** नौ अधिकारियों को मिली यह जिम्मेदारीप्रदेश के विभिन्न जिलों में जर्जर मकान गिरने से हुई घटनाओं को देखते हुए डीएम कृष्णा करुणेश ने एहतियातन जिले के सभी जर्जर भवनों को चिह्नित कर ध्वस्त कराने का निर्णय किया है। इस संबंध में सोमवार को निर्देश जारी किए गए हैं। भवनों को चिह्नित करने की जिम्मेदारी एसएसपी, नगर आयुक्त एवं जीडीए उपाध्यक्ष सहित नौ अधिकारियों को दी गई है। डीएम ने बताया कि भारी बारिश के कारण गोरखपुर सहित प्रदेश के कुछ जिलों में जर्जर मकान या दीवार गिरने से नौ लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बारिश जारी है। ऐसे में आशंका है कि यहां भी जर्जर भवन गिर सकते हैं। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 का हवाला देते हुए डीएम ने जल्द से जल्द जर्जर भवनों को ध्वस्त करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जो भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं या निष्प्रयोज्य हैं, उन्हें चिह्नित कर ध्वस्त किया जाए। नियमित रूप से इसकी रिपोर्ट डीएम कार्यालय को देनी होगी। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड को इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। जर्जर हो चुके 136 मकानों को नगर निगम पहले ही चिह्नित कर चुका है। इन मकानों को खतरनाक मानते हुए खाली करने का नोटिस भी दिया जा चुका है। बावजूद इसके लोग उसमें रह रहे हैं और मकान खाली करने को तैयार नहीं है। नगर निगम के रिकार्ड के अनुसार शहर में सबसे ज्यादा जर्जर मकान तिवारीपुर और माधोपुर इलाके में है। ज्यादातर मकानों की दीवारों और छतों से प्लास्टर उखड़ चुके है। सरिये तक बाहर आ चुके है। कई भवनों की तो रेलिंग टूटकर गिर चुकी है। बरसात के दिनों में पानी टपकता रहता है। जर्जर मकानों का सर्वे दो तरह से होता है। जिन जर्जर मकान के अचानक गिरने से उसमें और आसपास रहने वाले नागरिकों के जीवन पर संकट होता है, उसे नगर निगम अत्यधिक संवेदनशील की श्रेणी में रखता है। जिन मकान के गिरने से उसमें रहने वालों को खतरा होता, उसे संवेदनशील की श्रेणी में रखा जाता है।



# थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा सरकारी कार्यो में बाधा उत्पन्न करने व धमकी देने पर आरोपी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 26.09.2022 को पंचबहादुर सिंह वन दरोगा विन्ध्याचल द्वारा लिखित तहरीर बावत की सरकारी कार्यो में बाधा उत्पन्न करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध दी गई । जिसके आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-180/2022 धारा 147/504/506/341/353 भादवि बनाम हनुमान सिंह पंजीकृत कर



विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरी0 विन्ध्याचल को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांकः 26.09.2022 को उ0नि0 रामा शंकर यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से सम्बन्धित अभियुक्त हनुमान सिंह पुत्र जीत बहादुर सिंह निवासी महुवारीकलां थाना विन्ध्याचल मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया । 2.थाना को0देहात पुलिस द्वारा चोरी की 01 अदद बैटरी के साथ 01 चोर **गिरफ्तार,–** थाना को0देहात, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 25.09.2022 को वादी राहुल पुत्र शंभु निवासी भवन का पुरा थाना पड़री जनपद मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत भरूहना से ट्रैक्टर की बैटरी चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई थी । जिसके आधार पर थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-223/2022 धारा 380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक को0देहात को अभियुक्त की गिरफ्तारी व चोरी हुए ट्रैक्टर की बैटरी की बरामदगी के निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 26.09.2022 को उ0नि0 नरेन्द्र कुमार यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त पिन्टु चौहान पुत्र नन्दलाल चौहान निवासी भरूहना थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी हुई 01अदद ट्रैक्टर की बैटरी बरामद की गई । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय/जेल भेजा गया। 3- गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर अपराधी थाना को0कटरा पुलिस द्वारा **गिरफ्तार –** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'सन्तोष कुमार मिश्रा' के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26.09.2022 को उ0नि0 विनय कुमार राय मय टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना पर गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर अपराधी सूरज भारती पुत्र सदरी प्रसाद निवसी डंगहर थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को थाना को0कटरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना को0कटरा पर उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया । उक्त गिरफ्तार जिलाबदर अभियुक्त सूरज भारती को अपर जिलाधिकारी मीरजापुर द्वारा दिनांक 17.06.2022 से मीरजापुर की सीमा से 06 माह के लिए जिलाबदर किया गया था । 4-जनपद में कानून/शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में 33 व्यक्तियों का द0प्र0सं0 151/107/116 में चालान किया गया, जिनका थानावार संख्यात्मक विवरण निमनंकित है।

# वनिता समाज, एनटीपीसी सिंगरौली ने महिला सशक्तिकरण हेतु की एक और अभिनव पहल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** वनिता समाज, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु की गई एक और अभिनव पहल। भारत



सरकार की डिजिटल साक्षरता और कौशल विकास पहल को बढ़ावा देने के लिए, वनिता समाज ने बाल भवन के शिक्षिकाओं, महिला कर्मचारियों, वनिता समाज की सदस्याओं, आसपास की महिलाओं हेतु सात दिवसीय बुनियादी कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया । इस कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती जयिता गोस्वामी,अध्यक्षा,वनिता समाज एवं वनिता समाज के अन्य वरिष्ठ गणमान्य सदस्याओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती जयिता गोस्वामी ने वनिता समाज के सदस्याओं को महिलाओं को शिक्षित करने एवं कंप्यूटर से संबंधित कार्यो के लिए आत्मनिर्भर बनाने की इस अनुकरणीय पहल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा की तेजी सेबदल रही दुनिया में, विशेष रूप से कोविड-19 के बाद, समस्त विश्व भर में असाधारण दर से डिजिटल की ओर बढ़ रही है, इसलिए इन डिजिटल परिवर्तनों को अपनाना महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह पहल डिजिटल कौशल को बेहतर बनाने और महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद करेगी। यह सात दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कंप्यूटर कौशल में सुधार लाने और विशेष रूप से महिलाओं के बीच डिजिटल ज्ञान को बढ़ाने में मदद करेगा। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी महिला हितग्राहियों ने वनिता समाज की इस अनूठी पहल की सराहना की एवं वे सभी इसके लिए आभारी हैं। इस अवसर पर श्रीमती नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, वनिता समाज, श्री नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक एनटीपीसी सिंगरौली, श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा, महासचिव, वनिता समाज, एवं अन्य वरिष्ठ सदस्या उपस्थित रहीं ।

# सड़क हादसे में गई दोनों की जान हादसे की खबर से मचा कोहराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**कोटा में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। राजस्थान के टोंक जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में सोनभद्र के दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों कोटा में रहकर इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। मंगलवार की दोपहर बाद शव घर पहुंचने की संभावना है। राबर्ट्सगंज के धर्मशाला चौक



निवासी अवधेश विश्वकर्मा का पुत्र अभिषेक (20) और बभनौली गांव निवासी मनोज कुमार का पुत्र श्रेयांश उर्फ ज्ञानेश्वर (20) कोटा में रहकर इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे थे। अपने कुछ साथ साथियों के साथ वह कहीं जा रहे थे। जयपुर-कोटा में राष्ट्रीय राजमार्ग-52 बाईपास पर देर रात सड़क हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई। इसमें अभिषेक और श्रेयांश भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर रवाना हो गए। श्रेयांश की मां महिमा यहां सदर ब्लाक के कुसी विद्यालय में शिक्षक हैं। श्रेयांश उनका इकलौता पुत्र था। मौत की खबर सुनकर घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।




# नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओ के बीच कतारबद्ध होकर मण्डलायुक्त ने माँ विन्ध्यवासिनी देवी का किया दर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** सितम्बर 2022- आस्था का प्रतीक माँ विन्ध्यवासिनी के धाम विन्ध्याचल में शारदीय नवरात्र मेला के प्रथम दिन से ही श्रद्धालुओं के भारी संख्या भीड़ कतारबद्ध होकर माँ का दर्शन किया जा रहा हैं। इसी बीच मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र भी एक सामान्य श्रद्धालु की तरह श्रद्धालुओं के कतार में लगकर विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन किया गया। जिन लोगो के द्वारा मण्डलायुक्त को श्रद्धालुओ के भीड़ की लाइन में देखा गया उनके द्वारा मण्डलायुक्त के श्रद्धाभाव की सराहना किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि शक्तिपीठ माँ विन्ध्यवासिनी देवी के दरबार में कोई छोटा व बड़ा नही है सभी को कतार में लगकर माँ का दर्शन करना चाहिये ताकि उन्हें आसानी से दर्शन भी मिल सके और माँ का अर्शीवाद प्राप्त हो सकें।



## सोमवार से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** सोमवार से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो गया हैं और मां वैष्णो मंदिर शक्तिपीठ धाम के परिषर में भव्य तरीके तैयारियां भी की गईं दुकानें भी सजी हुई हैं और भक्तों की भीड़ भी देखने को मिली जयकारों से पूरा परिषर गूंज उठा।हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। इस दौरान मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है. नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। नवरात्रि में स्थापना का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि का पहला



दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। मां दुर्गा के 9 स्वरूपों में से मां शैलपुत्री पहला रूप हैं। आज डाला वैष्णो मंदिर में माँ वैष्णो देवी का कपाट भोर में चार बजे खोलकर माँ की आरती व घण्टियाँ गूँजने लगी और मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण एवं माला फूल अन्य दुकानें भी सजी हुई हैं और भक्तों की भीड़ भी देखने को मिली।वहीं सुभाष मित्तल के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था और श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी का दर्शन पुजन करते हुए भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया वहीं सुरक्षा को लेकर चोपन थाना पुलिस एवं डाला चौकी इंचार्ज समेत डाला पुलिस मौजूद रहे।

# कोटा टोला प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर हुई चोरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के कोटा टोला प्राथमिक विद्यालय में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरों उड़ा ले गए सारा सामान डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के कोटा टोला प्राथमिक विद्यालय में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर केंद्र में रखा हुआ समान लेकर चलते बने सोमवार को समयानुसार आंगनबाड़ी केंद्र की दाई फूलवंती देवी आई तो देखा कि केंद्र का ताला टुटा हुआ है और अंदर कमरे में रखे हुए चार कुर्सी एक मेज दरी स्टील की बाल्टी स्टील का फिल्टर बच्चों का खिलौना 130 पीस रजिस्टर 12 पीस गोदभराई का डलिया एवं दुसरे कमरे प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय का दो कुर्सी गायब था जिसको दाई ने तत्काल ही केंद्र प्रभारी माया कुमारी को अवगत कराया गया यह खबर सुनते ही केंद्र प्रभारी मौके पर पहुंच कर गई जिसके उपरांत फोन के माध्यम से डाला चौकी के पुलिस को सूचना दी गई और डाला पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी समाचार लिखे जाने तक चौकी में तहरीर नहीं दी गई।



# मिर्जापुर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जीडी बिनानी पीजी काले के छात्रों ने महाविद्यालय में एम कॉम में सीट बढ़ाने की मांग की है। इस बाबत छात्र नेता अभिषेक सोनकर, उदय प्रताप मिश्र एवं अजीत सिंह ने महाविद्यालय के प्राचार्य डा.बीना सिंह को पत्रक सौंप कर अपनी मांगों से अवगत कराया।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।**पत्रक में छात्रों ने कहा है कि शहर का एक मात्र बिनानी महाविद्यालय में वाणिज्य की पढ़ाई होती है। कामर्स पीजी में महाविद्यालय में कुल 86 सीटें हैं। सीटों की संख्या बेहद कम होने से वाणिज्य वर्ग परासनतक की शिक्षा से बहुत सारे छात्र वंचित हो जा रहे हैं। उन्होंने प्राचार्य से सीटें बढ़वाने की मांग की है। ताकि छात्र अपने घर पर रहकर एमकाम की शिक्षा ग्रहण कर सकें।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन विंध्याचल मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। बरतर तिराहे से निरीक्षण प्रारंभ कर सदर बाजार, चिकान टोला, बलुआ घाट,पक्काघाट,न्यू वीआईपी,पुरानी वीआइपी,मंदिर परिसर आदि स्थानों का पैदल भ्रमण कर जायजा लिया। नपाध्यक्ष ने अधिकारियों को घाटो पर विशेष साफ-सफाई कराने का निर्देश दिए।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** डीएम दिव्या मित्तल ने शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में चील्ह चौराहा पर ब्लाक प्रमुख कोन मीनाक्षी सिंह की तरफ से आयोजित भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे का संचालन 26 सितंबर से चार अक्तूबर तक होगा। डीएम ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को भोजन भी परोसा। नवरात्रि में मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने के लिए इस मार्ग से गुजरने वाले श्रद्धालुओं के लिए इसका आयोजन किया गया है। समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।इस अवसर पर सीडीओ श्री लक्ष्मी वी एस, पीडी अनय मिश्रा,बीडीओ रामपाल व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# पड़रछ में सम्पन्न हुआ ग्राम समाधान दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** पंचायत भवन पडरछ में ग्राम समाधान दिवस के तहत प्रधान प्रतिनिधि अमरेश यादव के नेतृत्व में जनसुनवाई की गई । जिसमें आये लोगो ने बारी बारी से अपनी समस्या को उपस्थित अधिकारियों के समक्ष रखा । समस्या सुन रहे अधिकारियों ने बताया कि लोगो की समस्या को नोट कर लिया गया है ततपश्चात कार्यवाही कर अगली बैठक में शिकायत कर्ता को जानकारी दी जाएगी । इसके साथ ही एक शिकायत की निस्तारण किया गया । इस दौरान ग्राम प्रधान, सोनी देवी, प्रधान प्रतिनिधी, अमरेश यादव, ग्राम पंचायत सचिव, राहुल सिंह, नेखपाल, ओमप्रकाश, एनएम,अनिता, रोजगार सेवक इस्ताइक, अली, पंचायत सहायक, रीता देवी, सफाई कर्मी, बीरबहादुर, सर्वेश, आगनवाड़ी,निर्मला,देवी,हेमलता,आशा, किरन देवी शामिल रहे ।



# हरभजन की टीम ने आखिरी ओवर के रोमांच में पठान की टीम को हराया, दर्ज की पहली जीत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** लीजेंड लीग क्रिकेट के आठवें मैच में हरभजन सिंह की कप्तानी में मणिपाल टाइगर्स ने इरफान पठान की भीलवाड़ा किंग्स को रोमांचक मुकाबले में हराकर अपनी पहली जीत दर्ज कर ली है। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मणिपाल टाइगर्स की तरफ से पहले विकेट के लिए ततेंदा टायबू और जेसे राइडर ने मिलकर 109 रन जोड़े। तायबू ने 30 गेंदों पर 54 रन की विस्फोटक पारी खेली जिसमें 5 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इनके अलावा मोहम्मद कैफ ने 25 गेंदों पर 28 रन की पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करते हुए मणिपाल टारगर्स ने 8 विकेट पर 175 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए भीलवाड़ा किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल 4 रन के स्कोर पर उसने अपना पहला विकेट गंवा दिया। विकेट गिरने का सिलसिला लगातार जारी रहा लेकिन बाद में युसूफ पठान और इरफान पठान की जोड़ी ने टीम की वापसी करा दी। युसूफ पठान ने 21 गेंदों पर 42 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली जिसमें उन्होंने 2 चौके और 4 छक्के लगाए। इरफान ने 14 गेंदों पर 23 रन की पारी खेली लेकिन दोनों मिलकर अपनी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा पाए। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी ओवर में भीलवाड़ा किंग्स को 9 रनों की आवश्यकता थी लेकिन दिलहारा फर्नांडों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए केवल 5 रन ही दिए और मणिपाल टाइगर्स ने लीग की अपनी पहली जीत 3 रन से दर्ज कर ली फर्नांडो ने 4 ओवर की गेंदबाजी में 31 रन देकर 4 विकेट झटके और मणिपाल टाइगर्स की जीत के हीरो बने।



# मो. शमी साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 सीरीज से बाहर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** कप्तान रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप से पहले अब सिर्फ पांच मैच खेलने हैं और टीम इन मैचों से अपनी तैयारियों को पुख्ता करना चाहेगी। आस्ट्रेलिया के विरुद्ध रविवार को भारतीय टीम ने भले ही टी-20 सीरीज 2-1 से जीत ली, लेकिन कई विभाग ऐसे हैं जहां टीम प्रबंधन को काम करने की जरूरत है आस्ट्रेलिया से तो भारतीय टीम जीत गई, लेकिन अब असली चुनौती दक्षिण अफ्रीका है। भारतीय टीम इस अफ्रीकी टीम से अपने घर में एक बार भी टी-20 सीरीज नहीं जीत पाई है। अफ्रीका के विरुद्ध तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आगाज बुधवार से तिरुवनंतपुरम में होगा। इसके बाद टीम को विश्व कप से पहले दो टी-20 अभ्यास मैच खेलने को मिलेंगे।हार्दिक पांड्या और मो. शमी बाहर : दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध सीरीज के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने टीम में कई बदलाव किए। बंगाल के आलराउंडर शाहबाज अहमद को आलरांडर हार्दिक पांड्या की जगह टीम में शामिल किया। हार्दिक को इस सीरीज से आराम दिया गया है। श्रेयस अय्यर को दीपक हुड्डा के स्थान पर टीम में जगह मिली है। हुड्डा कमर के दर्द से ठीक हो रहे हैं। मोहम्मद शमी आस्ट्रेलिया के बाद इस सीरीज से भी बाहर हो गए। शमी अभी कोविड-19 से उबर रहे हैं और उनके स्थान पर खेल रहे तेज गेंदबाज उमेश यादव टीम के साथ बने रहेंग नहीं सुलझी 19वें ओवर की गुत्थी : एशिया कप में भुवनेश्वर कुमार का 19वां ओवर टीम के सुपर-4 में हार के कारणों में अहम था। फिर आस्ट्रेलिया के विरुद्ध मोहाली में भी भुवनेश्वर का 19वां ओवर महंगा साबित हुआ। फिर टीम प्रबंधन ने प्रयोग करते हुए आस्ट्रेलिया के विरुद्ध तीसरे टी-20 में 19वां ओवर जसप्रीत बुमराह से कराया, लेकिन वह भी इसमें सफल नहीं हो पाए और 18 रन दे दिए। अभी टीम प्रबंधन के पास यहीं मैच बचे हैं जहां उन्हें तय करना होगा कि टीम के लिए उपयोगी 19वां ओवर कौन डालेगा पंत और कार्तिक ने बढ़ाई चिंता : कप्तान रोहित शर्मा के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत और दिनेश कार्तिक ने चिंता बढ़ा रखी है।



# रजत पाटीदार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारतीय ओडीआई टीम में मिल सकती है जगह

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।**दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध होने वाली वनडे सीरीज के लिए शिखर धवन की अगुआई वाली भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। शुभमन गिल, संजू सैमसन की जगह टीम में पक्की है। वहीं मध्य प्रदेश के युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार को आइपीएल और घरेलू क्रिकेट में शानदार सत्र के बाद वनडे टीम में शामिल किया जा सकता है। बीसीसीआइ के एक सूत्र ने कहा कि आप रजत के मौजूदा फार्म को नजरअंदाज नहीं कर सकते और वह वनडे टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार हैं। यहां तक कि श्रेयस भी मुख्य टीम के साथ स्टैंड-बाई के रूप में आस्ट्रेलिया की यात्रा करेंगे। इस बीच, हनुमा विहारी सौराष्ट्र के विरुद्ध ईरानी कप में शेष भारत टीम का नेतृत्व करेंगे। आपको बता दें कि भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन-तीन मैचों की टी20 और वनडे सीरीज खेलना है। टी20 सीरीज में टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में ही होगी और इसकी शुरुआत बुधवार से होगी। तीन मैचों की टी20 सीरीज के खत्म होने के बाद शिखर धवन की कप्तानी में भारत प्रोटियाज के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा। ये मुकाबले 6, 9 और 11 अक्टूबर को खेले जाएंगे। वहीं रजत पाटीदार की बात की जाए तो घरेलू क्रिकेट और आइपीएल में उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है और इसका ईनाम उन्हें मिल सकता है। रजत पाटीदार ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की अनाधिकारिक टेस्ट मैच की सीरीज में दो शतक लगाए था। पहले टेस्ट में उन्होंने 176 रन की पारी खेली थी तो वहीं तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 109 रन बनाए थे।



# टी20आई रैंकिंग में भारत नंबर एक पर कायम, जानिए पाकिस्तान का क्या है हाल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 के फाइनल में भारतीय टीम नहीं पहुंची थी, लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया को तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से जीत मिली। इस जीत ने भारतीय क्रिकेट फैंस के जख्मों को थोड़ा कम करने का काम जरूर किया, लेकिन अभी टी20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया की असली परीक्षा होना बाकी है। बहरहाल आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम ताजा आइसीसी टी20 टीम रैंकिंग में पहले नंबर को रिटेन करने में सफल रही है। आइसीसी की तरफ से जारी की गई टी20 टीम रैंकिंग में भारतीय टीम 268 रेंटिंग अंक के साथ पहले नंबर पर बनी हुई है जबकि इंग्लैंड की टीम भारत से ठीक नीचे यानी दूसरे नंबर पर है। इंग्लैंड की टीम इस वक्त पाकिस्तान के खिलाफ 7 मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। इस सीरीज के चार मैच खेले जा चुके हैं और इसमें दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर है। इंग्लैंड की टीम के अभी 261 अंक हैं और वो भारत से सिर्फ 7 अंक पीछे है। वहीं तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका की टीम 258 रेटिंग अंक के साथ मौजूद है। साउथ अफ्रीका अभी भारत दौरे पर है और उसे भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है जिसकी शुरुआत बुधवार से होगी। पाकिस्तान की टीम फिलहाल रैंकिंग में चौथे नंबर पर है, लेकिन उसके भी 258 अंक हैं। पाकिस्तान की टीम ने 7 मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मैच में रविवार को इंग्लैंड को 3 रन से हराया था और सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली थी। वहीं न्यूजीलैंड टीम की बात करें तो वो 252 रेटिंग अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। मौजूदा टी20 चैंपियन आस्ट्रेलिया की टीम रैंकिंग में 250 रेटिंग अंक के साथ छठे स्थान पर है जबकि वेस्टइंडीज सातवें, श्रीलंका आठवें, बांग्लादेश नौवें और अफगानिस्तान दसवें नंबर पर है।



# इंग्लैड दौरे पर गई इस भारतीय महिला क्रिकेटर के कमरे में हुई चोरी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरा काफी सफल रहा। इस दौरे पर भारत और इंग्लैंड के बीच तीन-तीन मैचों की टी20 और वनडे सीरीज खेली गई। टी20 सीरीज में भारत को हार मिली, लेकिन वनडे सीरीज में टीम इंडिया ने कमाल की वापसी की और मेजबान टीम का 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार इंग्लैंड को उसकी धरती पर वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप करने का गौरव हासिल किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार इंग्लैंड को हराकर जहां इतिहास रचा वहीं वनडे सीरीज के दौरान दीप्ति शर्मा के द्वारा मांकडिग रन आउट विवाद को भी वर्षों तक याद रखा जाएगा, लेकिन इन सारी बातों के बीच टीम इंडिया की विकेटकीपर-बल्लेबाज तानिया भाटिया के साथ एक दुखद घटना घटी। दरअसल तानिया भाटिया जिस कमरे में ठहरी थीं उसमें चोरी हो गई और चोरों ने उनकी कई कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद तानिया भाटिया ने अपनी व्यथा सोशल मीडिया के जरिए शेयर की। तानिया भाटिया ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं मैरियट होटल मैनेजमेंट और यहां की सुरक्षा व्यवस्था से निराश हूं।



# टीम इंडिया का अगला लक्ष्य एशिया कप की ट्राफी, जानें पूरा कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक वनडे सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया का अगला लक्ष्य एशिया कप की ट्राफी है जिसकी शुरुआत 1 अक्टूबर से बांग्लादेश के सिलवट में हो रही है। 1 अक्टूबर ने 15 अक्टूबर के बीच चलने वाले इस मुकाबले में भारतीय टीम अपने सफर की शुरुआत 1 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ मैच से करेगी। लेकिन 7 अक्टूबर का मैच टीम और फैंस दोनों के लिए बेहद जरूरी है क्योंकि इस दिन टीम अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से भिड़ेगी। एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा पहले ही कर दी गई है। टीम की कमान एकबार फिर हरमनप्रीत को सौंपी गई है जबकि उप-कप्तान स्मृति मंधाना को बनाया गया है। इस टीम में जेमिमा रॉड्रिगेज की वापसी हुई है जो इंग्लैंड के ऐतिहासिक दौरे पर चोट के कारण नहीं गई थी। स्टैंड बाय के तौर पर तानिया सपना भाटिया, सिमरन दिल बहादुर को रखा गया है। हालिया प्रदर्शन को देखते हुए टीम का पलड़ा भारी नजर आ रहा है हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिगेज, सबभिनेनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), सन्हे राणा, दयालन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, के.पी. नवगिरे।



# ऑस्ट्रेलिया के बाद साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी टीम इंडिया


(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया के पास अब केवल 3 टी20आई मैच बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीतने के बाद टीम अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की टी20 और वनडे सीरीज खेलेगी। टी20 सीरीज की शुरुआत 28 सितंबर से तिरूवनंतपुरम में हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद टीम वर्ल्ड कप से पहले इस सीरीज को जीतकर एक अच्छे मोमेंटम के साथ मिशन मेलबर्न के लिए रवाना होना चाहेगी। हालांकि इस सीरीज में भुवनेश्वर कुमार और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी नजर नहीं आएंगे क्योंकि वर्ल्ड कप से पहले दोनों खिलाड़ी कंडीशनिंग संबंधित कार्य के लिए एनसीए ज्वाइन करेंगे।



# टीम इंडिया के सामने आए संजू के फैंस, सूर्या ने अपने स्टाइल में किया शांत


(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया का कारवां तिरूवनंतपुरम पहुंच गया है जहां 28 सितंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज शुरू होगी। वर्ल्ड कप से पहले टीम के लिए इसे आखिरी तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। टीम इंडिया जब यहां पहुंची तो उनका सामना यहां के लोकल हीरो संजू सैमसन के फैंस से पड़ा जो इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। इतना ही नहीं फैंस ने संजू-संजू के नारे लगाए। इस बीच टीम इंडिया के मीडिल ऑर्डर बल्लेबाज और शानदार फॉर्म में चल रहे सूर्याकुमार यादव ने कुछ ऐसा किया जिसने संजू के फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल संजू सैमसन ने उन फैंस को अपना मोबाइल दिखाया जिसमें संजू सैमसन की तस्वीर थी। सूर्याकुमार के इस वीडियो पर राजस्थान रॉयल्स ने रिएक्ट किया है। इस वीडियो में सूर्या टीम बस में खिड़की के किनारे बैठे नजर आ रहे हैं जहां फैंस को वह अपने फोन में संजू सैमसन की तस्वीर दिखाते हैं जिसके बाद फैंस का उत्साह और भी बढ़ जाता है। इससे पहले रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल ने भी वहां के क्राउड की तस्वीरें साझा करते हुए सैमसन को टैग किया था। आपको बता दें फिलहाल संजू न्यूजीलैंड ए के खिलाफ कप्तानी कर रहे हैं। इससे पहले न तो उन्हें एशिया कप में टीम में मौका मिला था और न आगामी टी20 वर्ल्ड कप में उनका नाम है जिसको लेकर उनके फैंस में खासी नाराजगी है। इससे पहले इस मुद्दे पर खुद सैमसन ने पीटीआई से बात करते हुए अपनी प्रतिक्रिया भी दी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि टीम इंडिया में जगह बनाना इन दिनों खासी मुश्किल हो गई है और इसके लिए कंपीटिशन बढ़ गया है।





# भारत-साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज में इन खिलाडियों के बीच होगी जबरदस्त जंग

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 से पहले टीम इंडिया को अब पांच टी20 मैच खेलने हैं जिसमें तीन मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ होगा जबकि दो प्रैक्टिस मैच भारत आस्ट्रेलिया में ही खेलेगा। इन मैचों के जरिए टीम इंडिया अपनी तैयारी को और पुख्ता करेगी। भारतीय टीम ने बेशक आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज की, लेकिन ऐसे कई विभाग हैं जहां टीम मैनेजमेंट को काम करने की जरूरत है भारत को साउथ अफ्रीका से बड़ी चुनौती मिलेगी और टीम इंडिया पर इस सीरीज को जीतने का दवाब है क्योंकि भारतीय टीम प्रोटियाज के खिलाफ अपने घर में अब तक टी20 सीरीज नहीं जीत पाई है। अफ्रीका के विरुद्ध तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आगाज बुधवार से तिरुवनंतपुरम में होगा। इसके बाद टी-20 टीम विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया रवाना हो जाएगी और वहां इस टूर्नामेंट से पहले टीम को दो टी-20 अभ्यास मैच खेलने को मिलेंगे। विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम इसी साल में दूसरी बार दक्षिण अफ्रीका से ही टी-20 सीरीज खेलेगी। इस सीरीज में इन खिलाडियों के बीच जबरदस्त जंग देखने को मिलने की उम्मीद है। केएल राहुल बनाम कैगिसो रबादा : दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम भी तिरुवनंतपुरम पहुंच चुकी है और इस सीरीज में ऐसे कुछ खिलाड़ी हैं जिनकी आमने-सामने की रोचक जंग देखने को मिल सकती है। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल पर दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा भारी पड़ते हुए दिखाई देते हैं। दरअसल, इससे पहले दोनों खिलाड.ियों का आइपीएल 2022 में आमना-सामना हुआ था। तभी रबादा ने आइपीएल के 42वें मैच में राहुल को अपना शिकार बनाया था। अब यह देखना होगा कि आगामी टी-20 सीरीज में कौन किस पर भारी पड़ेगा। युजवेंद्रा चहल बनाम तेंबा बावुमा : दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा एक अच्छी लय में नजर आ रहे हैं, लेकिन भारतीय टीम के विरुद्ध टी-20 सीरीज में उनका सामना भारतीय स्पिनर यजुवेंद्रा सिंह चहल से होगा। बावुमा को स्पिनरों को खेलने में परेशानी होती है और ऐसे में उन्हें चहल के विरुद्ध खेलना आसान नहीं रहेगा। इसके साथ ही उनके लिए अक्षर पटेल भी चुनौती रहेंगे जिनका आस्ट्रेलिया के विरुद्ध सीरीज में अच्छा प्रदर्शन रहा था। डेविड मिलर बनाम हर्षल पटेल : आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर का आइपीएल 2022 में शानदार सफर रहा था। मिलर काफी लंबे समय के बाद अपनी लय में लौटे थे तो वहीं भारतीय तेज गेंदबाज हर्षल पटेल अपनी चोट के कारण काफी लंबे समय बाद टीम में वापसी की है।



# राशिफल





**मेष-**:गर्भवती माताओं को अपने स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अच्छा पैसा कमा सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक रूप से निवेश करें।

**वृष-**:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के छात्रों को आज अच्छी खबर मिल सकती है। परिवार वालों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

**मिथुन-**:आज यात्रा की स्थिति सुखद और लाभकारी रहेगी. काम के सिलसिले में आप पर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है। गुस्से पर पूरी तरह काबू रखें।

**कर्क-**:कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों के दबाव और घर में दरार के कारण आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है - जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। मनोरंजन और सुंदरता बढ़ाने में ज्यादा समय न लगाएं।

**सिंह-**:आज आपका दिन नए उपहार लेकर आएगा. व्यापार में अचानक लाभ के योग बन रहे हैं। पैसा कमाने का जो भी मौका मिले उसे हाथ से न जाने दें बल्कि उसे खुलकर अपनाएं।

**कन्या-**:आज आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है. आज ही कोई त्योहार मनाने के लिए तैयार हो जाइए। दोस्त और रिश्तेदार इकट्ठे होंगे और खूब मौज-मस्ती करेंगे।

**तुला-**: मित्र आपका परिचय किसी खास व्यक्ति से कराएंगे, जिसका आपकी सोच पर गहरा प्रभाव पड़ेगा. मजाक में कही गई बातों पर किसी पर शक करने से बचें।

**वृश्चिक-**:आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ सकता है। व्यवसाय में आपकी अपेक्षा से अधिक धन प्राप्त हो सकता है।


**धनु-**:आज आपके प्रयास सफल होंगे. सम्मान मिलेगा। अपने व्यवहार, व्यवहार, हर चीज में ईमानदार रहें। पुराने दोस्तों और रिश्तेदारों से बात हो सकती है, अस्वस्थता संभव है।

**मकर-**:जीवनसाथी के साथ मूवी, थिएटर या रेस्टोरेंट में शाम का समय बिताने से आपको सुकून मिलेगा और आपका दिमाग तरोताजा रहेगा. अचानक पैसा खर्च और बिल आदि का ध्यान रखेगा।

**कुंभ-**: आज परिवार में किसी शुभ कार्य की रूपरेखा बन सकती है. व्यापार के अवसर आपको सुखद यात्रा पर ले जा सकते हैं। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मीन-**:आज आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं. अधिक पाने की कोशिश में, खोने से भी बचें, खर्चा ज्यादा हो सकता है।





## सम्पादकीय

# विपक्षी एकजुटता और संकट का दौरः एकता का यह राग इतना आसान नहीं

2024 लोकसभा चुनाव से पहले सियासी घटनाक्रमों से विपक्षी एकजुटता से पहले आंतरिक संकट का दौर शुरू हो गया है। राजस्थान, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के घटनाक्रम से भाजपा के मुकाबले एकजुट विपक्ष की सियासी खिचड़ी का जायका बदलता नजर आ रहा है। ऐसे में मिले सुर मेरा-तुम्हारा तो सुर बने हमारा का राग इतना आसान नहीं है। इस समय दो चुनावों के लिए सियासी खिचड़ी पक रही है। चूल्हे पर हांडी भी चढ़ चुकी है। एक ओर, 2024 लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी एकजुटता की सियासी खिचड़ी की हांडी चूल्हे चढ़ गई है, तो दूसरी ओर सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के संगठन चुनाव की हांडी चूल्हे पर है। पिछले 24 घंटे के भीतर हरियाणा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के सियासी घटनाक्रम से विपक्षी एकजुटता से पहले आंतरिक संकट का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में सियासी खिचड़ी का जायका बदलने या यूं कहें बिगड़ने वाला है। घटनाक्रम से भाजपा बुलंद है। संगठन चुनाव से उपजा संकट व कांग्रेस की किरकिरी सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस संगठन चुनाव को लेकर उलझती नजर आ रही है। पार्टी का दावा है कि वह लोकतंत्र की हिमायती है, इसलिए गांधी परिवार से किसी को थोपने के बजाय चौथी बार चुनाव की दहलीज पर है। राहुल गांधी के ना कहने के बाद अशोक गहलोत का कांग्रेस अध्यक्ष बनना लगभग तय था लेकिन राजस्थान में मुख्यमंत्री की दावेदारी को लेकर रविवार को हुए घटनाक्रम से कांग्रेस की न केवल किरकिरी हुई है बल्कि आलाकमान की सिरदर्दी बढ़ गई है। यह कांग्रेस का भले आंतरिक संकट हो लेकिन पार्टी को यह सब उस समय झेलना पड़ रहा है, जब राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के जरिये हाशिये पर पहुंच चुकी पार्टी को जनता-जनार्दन से जोड़ने के लिए जी-जान से जुटे हैं। कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की कुर्सी से खुद की दूरी बनाकर राहुल गांधी बड़ा संदेश देना चाहते हैं लेकिन राजस्थान के राजनीतिक संकट से उनके संदेश पर कांग्रेस की गुटबाजी का संदेश भारी पड़ता नजर आ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को लेकर गहलोत के मुकाबले शशि थरूर की ओर से दावेदारी की जा रही है, वहीं पार्टी में चुनाव को लेकर जी 23 गुट की ओर से बयानबाजी का दौर चल पड़ा है। राजस्थान से जम्मू-कश्मीर तक खतरे की घंटी राजस्थान में जब यह सब हो रहा है, तो दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस से अलग हुए गुलाम नबी आजाद ने अपनी पार्टी डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी का एलान कर दिया। वह भी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस से अलग हुए तो दूसरी तरफ कांग्रेस से अलग हुए पंजाब के कैप्टन अमरिंदर भी इसी दौरान पूरी तरह से भाजपा के हो गए। हाल के इन संकटों की वजह से कांग्रेस की किरकिरी हो रही है। खासतौर से तब जब अगले साल ही राजस्थान में विधानसभा के चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे में राजस्थान में भले कांग्रेस जैसे-तैसे ताजा संकट से उबर भी जाए तो प्रस्तावित राजस्थान के विधानसभा चुनाव और उसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर असर पड़ने का खतरा बना ही रहेगा। कांग्रेस-भाजपा में फर्क साफ दिखता है राजस्थान के घटनाक्रम से जहां कांग्रेस की किरकिरी हुई है, वहीं कांग्रेस और भाजपा में फर्क साफ दिखता है। भाजपा ने गुजरात में विजय रुपाणी, कर्नाटक में येदियुरप्पा, असम में सर्बानंद सोनोवाल और उत्तराखंड में त्रिवेंद्र रावत, तीरथ सिंह जैसे कद्दावर सीएम बदले। पार्टी का अंतर्विरोध कांग्रेस की तरह खुलकर सामने नहीं आया। भाजपा में सभी ने भरे मन से ही सही, हाईकमान के फैसले को सिर आंखों पर लिया। और तो और चुनावी राज्यों में तो सीएम चेहरा बदलने का भाजपा ने फायदा ही उठाया। उत्तराखंड इसकी मिसाल है। जाहिर है राजस्थान का घटनाक्रम जहां कांग्रेस के लिए आपदा है, वहीं भाजपा के लिए यह विधानसभा और लोक चुनाव के लिए अवसर पैदा करता है। विपक्षी एकजुटता की हांडी पर आंच देवीलाल की श्रद्धांजलि के बहाने विपक्षी एकजुटता की हांडी में पक रही खिचड़ी में भी 10 का दम नहीं दिखा। यूं तो 17 दलों के दिग्गजों की जुटान का न्योता था लेकिन केवल 7 ही जुट पाए। कांग्रेस किनारे रही। तृणमूल कांग्रेस, टीआरएस, डीएमके, बसपा, सपा, बीजद जैसे क्षेत्रीय दल इस खिचड़ी का हिस्सा नहीं बने। फारूख अब्दुल्ला, अखिलेश, ममता, केजरीवाल, राव, देवगौड़ा, नवीन पटनायक, सतपाल मलिक जैसे दिग्गज आमंत्रण के बावजूद शामिल नहीं हुए।

# हिंदुओं-सिखों से मुक्त होता अफगानिस्तान, 'विरासत' के नाम पर केवल छवि सुधारने में जुटा तालिबान

अफगानिस्तान में बचे-खुचे हिंदुओं और सिखों के भारत आने का सिलसिला कायम है। बीते दिवस 55 अफगान सिख और हिंदू विशेष विमान से भारत लौट आए। अब वहां 50 से भी कम हिंदू-सिख बचे हैं। इसी के साथ अनादिकाल तक सांस्कृतिक भारत का हिस्सा रहा अफगानिस्तान अपने मूल निवासियों हिंदू-सिख-बौद्ध से शत-प्रतिशत मुक्त होने वाला है। वहां से हिंदुओं-सिखों का पलायन कोई पहली बार नहीं हुआ। इसका पिछले एक हजार वर्षों का एक काला इतिहास है। चार-पांच दशक पहले वहां जिन अफगान हिंदुओं-सिखों की संख्या लाखों में थी, उनकी संख्या गृहयुद्ध, शरीयत लागू होने और तालिबानी जिहाद के बाद निरंतर घटते हुए नगण्य हो गई है। पिछले माह 11 सितंबर को तालिबान ने पवित्र श्री गुरुग्रंथ साहिब के चार 'सरूपों' को 'अफगानिस्तानी विरासत' का अंग बताकर देश से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं दी थी। तालिबान के अफगानिस्तान में फिर से काबिज होने और गुरुद्वारों पर हमलों के बाद भारत द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत पिछले साल अगस्त और दिसंबर में दो जत्थों में श्री गुरुग्रंथ साहिब के छह 'सरूपों' को निर्धारित सिख मर्यादा के साथ भारत लाया गया था, लेकिन तालिबान यकायक गुरुग्रंथ साहिब के चार 'सरूपों' को 'अफगानिस्तानी विरासत' बताने लगा? क्या उसका हृदय परिवर्तन हो रहा है? जिस चिंतन के गर्भ से तालिबान का जन्म हुआ या जिस मजहबी अवधारणा से अफगानिस्तान का 'इकोसिस्टम' सदियों से अभिशप्त है, क्या उसमें गैर-इस्लामी पंथ-मजहबों के साथ सह-अस्तित्व संभव है तालिबान ने श्री गुरुग्रंथ साहिब के लिए 'अफगानिस्तानी विरासत' से संबंधित जो तर्क दिया, वह उसके वैचारिक अधिष्ठान के प्रतिकूल है। 'काफिर-कुफ्र' अवधारणा से प्रेरित तालिबान का जन्म पाकिस्तान के मदरसों में हुआ, जिनका वित्त पोषक वर्षों तक सऊदी अरब रहा। अफगानिस्तान से सोवियत सेनाओं को खदेड़ने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान और सऊदी अरब की मजहबी सहायता से मुजाहिदीनों को काफिरों के खिलाफ जिहाद के लिए हथियार उपलब्ध कराए। तालिबान उन्हीं मुजाहिदीनों का समूह है। यदि तालिबान को वाकई 'अफगान विरासत' की चिंता होती तो उसके लड़ाके मार्च 2001 में बामियान में विशाल बुद्ध प्रतिमाओं को बम से क्यों उड़ाते? भारत इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकता कि तालिबानी सिराजुद्दीन हक्कानी के भाई अनस हक्कानी ने अक्टूबर 2021 को उस इस्लामी आक्रांता महमूद गजनी की कब्र पर जाकर उसका यशगान किया था, जिसने अपने खलीफा काल में भारत पर 'काफिर-कुफ्र' चिंतन से प्रेरित होकर 17 बार हमले किए, स्थानीय हिंदुओं को मौत के घाट उतारा, उनका जबरन मतांतरण किया और सोमनाथ मंदिर सहित असंख्य पूजास्थलों को मजहबी कारणों से ध्वस्त किया। इसके बाद गोरी, खिलजी, तुगलक, बाबर, जहांगीर, औरंगजेब और टीपू सुल्तान आदि ने उसी जहरीले चिंतन से प्रेरित होकर भारतीय उपमहाद्वीप की बहुलतावादी सनातन संस्कृति के मानबिंदुओं को जमींदोज किया और लाखों निरपराधों को या तो मौत के घाट उतारा या फिर उन्हें तलवार के बल पर इस्लाम कबूल कराया। इस भूखंड में तालिबान सहित मुस्लिमों का एक वर्ग आज भी इन्हीं क्रूर आक्रांताओं को अपना नायक मानता है। जिस अफगानिस्तान को हम आज देख रहे हैं, वह सदियों पहले सांस्कृतिक भारत का अंग हुआ करता था। लगभग एक हजार वर्ष पहले उसकी जनसांख्यिकीय वर्तमान से अलग थी। प्राचीन काल में यह क्षेत्र भारत के 16 महाजनपदों में एक (गांधार) था तो गजनी के आगमन से पहले 11वीं शताब्दी तक इस भूखंड का स्वरूप हिंदू-बौद्ध बहुल था। उस समय यह धरती अपनी मूल संस्कृति के अनुरूप प्राचीन मंदिरों और विशालकाय विस्मयी मूर्तियों से सुशोभित थी। सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने 16वीं शताब्दी में जिन स्थानों का भ्रमण कर उपदेश दिया, उसमें वर्तमान अफगानिस्तान भी था। इन यात्राओं को सिख परंपरा में 'उदासियां' कहा जाता है। इसीलिए अफगानिस्तान सिखों के लिए पवित्र है, किंतु कालांतर में हिंदू-बौद्ध-सिख अनुयायियों पर मजहबी यातना-हमलों का शिकार होने के बाद आज स्थिति यह है कि इनका नाम लेने वाला भी कोई नहीं दिखता। ऐसा नहीं है कि वहां केवल गैर-मुस्लिम ही मजहबी दंश झेल रहे हैं। अफगानिस्तान में तालिबान और आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट की अफगान इकाई आइएस खुरासन प्रोविंस के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है, जिसका उद्देश्य स्वयं को इस्लाम का सच्चा अनुयायी सिद्ध करना है। यह दीन-मजहब आधारित हिंसा का ही विस्तार है, जिसमें शिया-सुन्नी मुसलमानों के बीच भी संघर्ष चल रहा है। तालिबान इस कारण अपनी छवि सुधारना चाहता है, क्योंकि अफगानिस्तान को विकास के नाम पर अन्य देशों से मिल रही आर्थिक-सहायता रुक गई है। इससे वह सामाजिक, आर्थिक और मानवीय रूप से ध्वस्त हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, वहां 60 लाख लोग भुखमरी के शिकार हैं तो दो करोड़ 90 लाख लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है। इन सबसे निपटने के लिए अफगानिस्तान को लाखों डालर चाहिए। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में मानवीय मामलों के समन्वय विभाग के प्रमुख ने भी कुछ समय पहले सुरक्षा परिषद में सभी दाताओं से आग्रह करते हुए कहा था कि अफगानिस्तान का वित्त पोषण फिर से शुरू किया जाए। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन जो तालिबान आज सिखों के पवित्र ग्रंथों को 'अफगानिस्तान की विरासत' बता रहा है, उसने ही एक वर्ष पहले सिखों को इस्लाम अपनाने या अफगानिस्तान छोड़ने में से कोई एक चुनने विकल्प दिया था। शरीयत का पक्षधर तालिबान उसी विषाक्त चिंतन से प्रेरणा पाता है, जिसमें गैर-इस्लामी संस्कृति, सभ्यता, मानबिंदुओं और पूजास्थलों का स्थान न केवल नगण्य है, अपितु उसका नामोनिशान मिटाना अपना मजहबी दायित्व मानता है।



# मंद पड़ती राजनीतिक शुचिता और भेष बदल-बदलकर चौकड़ी भरते असुर

दुर्गापूजा के लिए इस बार ममता सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। राज्य की 43 हजार पूजा समितियों को 50 की जगह 60-60 हजार रुपये का अनुदान मिला है। इस तरह दो अरब 58 करोड़ रुपये सरकार ने उन कमेटियों को दिया है। शारदीय दुर्गापूजा शुरू हो चुकी है, जो बंगाल की एक सांस्कृतिक पहचान है। ममता सरकार ने पूजा में चार दिन की अनिवार्य छुट्टी दी है। इस बार सरकारी कर्मचारियों को 11 दिन की छुट्टी मिली है। बंगाल में अखबार भी चार दिन तक बंद रहते हैं, ताकि लोग सब कुछ भूलकर त्योहार का आनंद उठाएं। बंगाल की दुर्गापूजा को यूनेस्को ने सांस्कृतिक विरासत का दर्जा दिया है। लेकिन सामाजिक और राजनीतिक बुराइयों के कारण प. बंगाल में त्योहार की खुशी बुझी-बुझी-सी है। मां दुर्गा तो बुराई का नाश करने वाली हैं। वह महिला शक्ति का प्रतीक हैं। हम उत्सव तो मनाते हैं, पर उनका संदेश नहीं पढ़ पाते। बुराई पर अच्छाई की जीत सिर्फ कुछ दिनों की कवायद लगती है, फिर लोग उन्हीं आसुरी प्रवृतियों में जुट जाते हैं। बंगाल का समाज नारी शक्ति के सम्मान के लिए भी जाना जाता है। सबसे ज्यादा 10 शक्तिपीठ बंगाल में हैं। सबसे प्रसिद्ध मंदिर कालीघाट शक्तिपीठ के पास ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का घर है। लेकिन दुखद है कि इसी बंगाल के नदिया जिले में इस साल अप्रैल में एक 14 साल की किशोरी के बलात्कार व मौत पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एक संवेदनहीन बयान आया था, जिसमें उन्होंने पूछा कि क्या बलात्कार की वजह से नाबालिग लड़की की मौत हो गई बलात्कारी उस इलाके के एक प्रभावशाली तृणमूल नेता का बेटा था। पिछली दुर्गापूजा के एक मंडप में तो ममता बनर्जी को साक्षात मां दुर्गा की प्रतिमा के रूप में पूजा गया था। बस एक अंतर था कि मां दुर्गा के हाथों में सरकार की विभिन्न योजनाओं के नाम लिखे विज्ञापनी पर्चे थे। उनमें से एक था, लोगों को रोजगार देने वाली योजना। कुछ दिन पहले खड़गपुर में मुख्यमंत्री ममता ने बेरोजगारी दूर करने के अजीब-अजीब नुस्खे बताए थे। दुर्गापूजा में हम पवित्रता व स्वच्छता का पूरा ध्यान रखते हैं, पर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक शुचिता का नामोनिशान नहीं दिखता। हाल ही में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने नवान्न अभियान का आह्वान किया था। लेकिन सरकार ने उत्तर बंगाल से दक्षिण बंगाल तक के रेलवे स्टेशनों पर पुलिस भेजकर भाजपा कार्यकर्ताओं को ट्रेनों पर चढ़कर कोलकाता पहुंचने ही नहीं दिया। नतीजतन लोग कम पहुंचे, फिर भी हिंसा की छिटपुट वारदातें हुईं। एक घायल पुलिसकर्मी से मिलने पहुंचे ममता बनर्जी के उत्तराधिकारी और भतीजे अभिषेक बनर्जी ने पुलिस के संयम की प्रशंसा करने के साथ यह भी कह दिया कि मैं होता, तो सीधे सिर पर गोली मारता! दुर्गापूजा के लिए इस बार ममता सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। राज्य की 43 हजार पूजा समितियों को 50 की जगह 60-60 हजार रुपये का अनुदान मिला है। इस तरह दो अरब 58 करोड़ रुपये सरकार ने उन कमेटियों को दिया है, जिनका बजट लाखों में होता है और जो चंदे से ही अब तक पूजा आयोजित करती रही है। ध्यान रहे, राज्य सरकार पर लगभग पांच लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। जब वर्ष 2011 में ममता बनर्जी ने राज्य की बागडोर संभाली थी, तब राज्य पर 1.90 लाख करोड़ रुपये का ही कर्ज था। राज्य सरकार के कर्मचारियों का 31 प्रतिशत महंगाई भत्ता बाकी है। राज्य में घोटालों की जांच में अब तक कई सौ करोड़ रुपये जब्त हो चुके हैं। मंत्री से लेकर संतरी तक जेल जा रहे हैं। शिक्षा घोटाले से जुड़े पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी सहित चार बड़े अधिकारी जेल में हैं। सिर्फ बंगाल ही नहीं, पूरे देश में असुर भेष बदल-बदलकर चौकड़ी भर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 14 सितंबर को दो किशोरियों की कथित बलात्कार और हत्या के कुछ ही घंटों बाद बदायूं जिले के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में भी एक दलित नाबालिग किशोरी का शव जंगल से बरामद हुआ। उत्तराखंड में भाजपा नेता के बेटे के रिजॉर्ट में कार्यरत रिसेप्शनिस्ट ने देह का सौदा करने से इनकार किया, तो उसकी हत्या कर दी गई।



# रूसी ड्रोन हमले में यूक्रेनी सेना का गोदाम तबाह जनमत संग्रह के नतीजे से यूक्रेनियों में भय

यूक्रेन में रूसी सेना ने रविवार-सोमवार की रात फिर से जोरदार हमला किया। बंदरगाह शहर ओडेसा में रात में कई बार ड्रोन से लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में यूक्रेनी सेना का गोला-बारूद का गोदाम भी निशाना बना। हमले से उसमें आग लग गई, जो बाद में बड़े क्षेत्र में फैल गई, वहां पर रह-रहकर धमाके हो रहे हैं। आग बुझाने का कार्य जारी है। इस बीच रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के चार क्षेत्रों में जनमत संग्रह जारी है। यूक्रेन ने कहा है कि इन क्षेत्रों में रूसी सैनिक घर-घर जाकर लोगों से रूस में शामिल होने के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करवा रहे हैं। इस बीच यूक्रेन की नागरिक सुविधाओं के संचालन के लिए अमेरिका ने उसके लिए 45.75 करोड़ डालर की ताजा सहायता की घोषणा की है। ताजा बनी स्थितियां यूक्रेन के नागरिकों में भय पैदा कर रही हैं। उन्हें लग रहा है कि लुहांस्क, डोनेस्क, खेरसान और जपोरीजिया में हो रहे जनमत संग्रह में रूस को अपेक्षित नतीजे मिले तो यूक्रेन में टकराव बढ़ेगा। रूस ने साफ कह दिया है कि इन इलाकों के लोगों ने रूस में शामिल होने की इच्छा जता दी, तब उन्हें रूसी नागरिक मानकर पूर्ण सुरक्षा दी जाएगी। उनकी सुरक्षा में इलाके में परमाणु हथियार तैनात किए जाएंगे। उन पर हमला होने की स्थिति में रूस पूरी ताकत से जवाब देगा। रूसी राष्ट्रपति पुतिन परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का संकेत दे चुके हैं। उसके बाद रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव न्यूयार्क में अंतरराष्ट्रीय मीडिया के सामने रूस में शामिल होने वाले लोगों की पूर्ण सुरक्षा का संकल्प जता चुके हैं। उल्लेखनीय है कि रूस के पास दुनिया के सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं। अमेरिका ने कहा है कि रूस ने यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया तो उसके रूस के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। सुलीवान ने बताया कि उचित जरिये से रूस को यह बता दिया गया है। इस बीच ब्रिटिश खुफिया विभाग ने कहा है कि पुतिन की घोषणा के अनुरूप रूसी सैनिकों का यूक्रेन पहुंचना शुरू हो गया है। आरक्षित सैनिकों की पहली टुकड़ी यूक्रेन में बनाए गए रूसी सैन्य ठिकाने पर पहुंच गई है। ये सैनिक हथियारबंद हैं लेकिन युद्ध के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित नहीं हैं।रूसी जनमत संग्रह को जालसाजी करार देते हुए ब्रिटेन ने सोमवार को रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की। नए प्रतिबंधों के तहत रूस के महत्वपूर्ण संस्थानों के 55 अधिकारी और चार धनाढ्य लोग प्रतिबंधित किए गए हैं। इनके ब्रिटेन की यात्रा पर प्रतिबंध लग गया है और ब्रिटेन में स्थित धनाढ्यों की छह अरब डालर से ज्यादा की संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। मीडिया में नागरिकों के रूस छोड़कर भागने की चर्चा को रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने बेबुनियाद करार दिया है। कहा है कि रूस की पड़ोसी देशों से लगने वाली सभी सीमाएं पूर्व की भांति खुली हुई हैं, उनके जरिये होने वाली आवाजाही पूर्ववत है, लोगों के देश छोड़कर जाने की चर्चा में कोई दम नहीं है। मीडिया में चर्चा है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन की तीन लाख आरक्षित सैनिकों की यूक्रेन में तैनाती की घोषणा के बाद लोग सेना में शामिल होने से बचने के लिए भाग रहे हैं।




# जलवायु परिवर्तन और शहरी नियोजन की अनदेखी से बढ़ता संकट

क्या भोजन के लिए 10 मिनट की डिलीवरी के बजाय काम करने के लिए 10 मिनट की पैदल दूरी बेहतर नहीं होगी? प्रत्येक भारतीय शहर में आदर्श रूप से एक मास्टर प्लान-यानी एक रणनीतिक शहरी नियोजन दस्तावेज होना चाहिए, जिसे एक-दो दशक के अंतराल पर नियमित रूप से अद्यतन (अप-टू-डेट) किया जाए। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पानी से भरी सड़कें, रंगीन गाड़ियां, टूटे वाहनों और घुटनों तक गहरे पानी में अपने दोपहिया वाहनों के साथ चलने वाले नागरिक जैसे परिचित दृश्यों की वापसी के लिए भारी बारिश के सिर्फ एक दिन का समय लगा। बिजली कटौती, ढहती दीवारों और बिजली के झटके के कारण लोगों की मौत भी हुई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस तरह के दृश्य नए नहीं हैं। हर बार बारिश के दौरान ऐसे दृश्य दिखाई देते हैं। चूंकि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून के स्वरूप में भी परिवर्तन आया है और बारिश कई बार देर तक और बहुत अधिक होती है, ऐसे में, लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मानसून से होने वाली परेशानियों के दृश्य पूरे देश में एक जैसे दिखाई देते हैं। उदाहरण के लिए, दो सप्ताह पहले, बंगलुरु की 126 झीलें उफान पर थीं। इससे वहां महादेवपुरा, बेलंदूर, बोम्मनहल्ली, मुनेन्कोलालु आदि इलाकों में जल जमाव की स्थिति थी। आलम यह था कि 2,000 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी आ गया था और करीब 10,000 घर अलग-थलग पड़ गए थे। पॉश इलाकों सहित कई जगहों में लोगों को पेयजल और बिजली की समस्या का सामना करना पड़ा। हर तरफ ऐसा मंजर था, जैसे निजी संपत्ति को बट्टे खाते में डाल दिया गया हो। इस तरह की दुखद स्थिति दरअसल शहरी नियोजन की कमियों की तरफ ही इशारा करती है। आमतौर पर हमारे शहर नियमित रूप से शहरी नियोजन के प्रमुख तत्वों की उपेक्षा करते हैं। नालियों की बेहतर निकासी क्षमता की कमी और झीलों व नदियों पर ध्यान न देने के साथ शहरी स्थानों को कंकरीट में बदलने पर जोर हर तरफ दिखाई देता है। कुल मिलाकर, भारतीय शहर शहरी नियोजन पर सीमित क्रियान्वयन के संकट से ग्रस्त हैं। सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायर्नमेंट के अनुसार, बंगलुरु जैसे शहर ने ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स, 2020 में क्वालिटी ऑफ लाइफ मेट्रिक के तहत सौ में से 55.67 स्कोर किया। दिल्ली जैसा महानगर राजधानी होने के बावजूद इंडेक्स में 57.56 तक पहुंचा, जबकि भुवनेश्वर जैसे शहर का स्कोर सिर्फ 11.57 था। आदर्श दुनिया में इस तरह की स्थिति अस्वीकार्य है। गौरतलब है कि पश्चिम में वर्ष 1898 में सर एबेनेजर हॉवर्ड द्वारा शुरू किए गए गार्डन सिटी आंदोलन ने शहरों के केंद्र में काम के माहौल को विकेंद्रीकृत करने की मांग की थी। उस आंदोलन ने कारखाने के श्रमिकों के लिए स्वस्थ रहने की जगह प्रदान करने पर तार्किक जोर दिया था। नतीजतन, शहरों को योजनाबद्ध तरीके से डिजाइन किया गया, जिसमें आत्मनिर्भर समुदायों के साथ पार्क और निवास, औद्योगिक कार्य और कृषि के लिए अलग-अलग क्षेत्र शामिल थे। इस तरह के आंदोलन इस विचार से प्रभावित थे कि फैक्टरी में काम करने वाले लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो। आदर्श गार्डन सिटी की योजना खासतौर पर खुली जगहों, सार्वजनिक पार्कों और बुलेवाड्र्स (मुख्य पथ) के साथ बनाई गई थी। अमेरिका में गार्डन सिटी पड़ोस की अवधारणा के साथ विकसित हुई, जहां एक स्थानीय स्कूल या सामुदायिक केंद्र के आसपास आवासीय घरों और सड़कों का आयोजन किया गया, जिसमें यातायात का दबाव कम करने और सुरक्षित सड़कों की सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया गया। प्रदूषण और भीड़-भाड़ पर नियंत्रण के साथ-साथ जैव विविधता को बनाए रखने के लिए लंदन में शहर के चारों ओर एक महानगरीय हरित पट्टी है, जो 5,13, 860 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। सवाल यह है कि रिंग रोड और शहरी फैलाव से आगे भारतीय शहरों में ऐसा कुछ क्यों नहीं हो सकता। इस बीच, पेरिस ने इस दिशा में अपनी पहल '15 मिनट सिटी' के तौर पर आगे बढ़ाई है। यह विचार काफी सरल है। इसके तहत प्रत्येक पेरिसवासी को अपनी खरीदारी, कामकाज, मनोरंजक गतिविधियों के साथ और अपनी सांस्कृतिक जरूरतों को 15 मिनट की पैदल या बाइक की सवारी के भीतर पूरा करने में सक्षम होना चाहिए। इस सक्षमता का मतलब यह होगा कि वाहनों की आवाजाही की संख्या काफी कम हो जाएगी। इस दिशा में अगला कदम कारों और अन्य वाहनों के बजाय पैदल चलने वालों के लिए शहर की योजना तैयार करना होगा। इसके लिए पैदल यात्रियों के लिए बुनियादी ढांचे, गैर-मोटर चालित परिवहन क्षेत्रों आदि में निवेश के साथ-साथ मिश्रित उपयोग के विकास की तरफ व्यापकता के साथ बढ़ने की आवश्यकता है।



# हार से तिलमिलाई कनिका मान ने चैनल पर लगाए गंभीर आरोप, फिनाले में भी नहीं हुई थीं शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 12 काफी दिनों तक टीवी पर राज करने के बाद अब खत्म हो चुका है। शो में सभी सेलेब्स ने बेहतरीन परफॉर्मेंस दी, लेकिन ट्रॉफी और 20 लाख का कैश प्राइज तुषार कालिया के हाथ लगा। रविवार को शो का शानदार फिनाले भी आयोजित किया गया। जहां फाइनलिस्ट के साथ-साथ शो के सभी कंटेस्टेंट भी शामिल हुए, लेकिन इनमें कनिका मान नजर नहीं आईं। अब खबरें आ रही हैं कि कनिका ने शो के मेकर्स और चैनल से जमकर झगड़ा किया है और उन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कनिका मान ने खतरों के खिलाड़ी 12 के शुरुआत से ही हर टास्क में अच्छी परफॉर्मेंस दी और अपने दम पर सेमी फिनाले तक पहुंची। हालांकि, इसके बाद वह आगे नहीं बढ़ पाई। सेमी फिनाले के दौरान ही उन्हें शो के होस्ट रोहित शेट्टी से भी डांट खानी पड़ गई थी। दरअसल, कनिका ने सेमी फिनाले के टास्क को करने से मना कर दिया था, जिसपर रोहित शेट्टी का पारा हाई हो गया और उन्होंने कनिका को जमकर सुनाया था। रोहित ने कनिका पर यह भी इल्जाम लगाया था कि वह शो को सीरियसली नहीं ले रही हैं खतरों के खिलाड़ी 12 के खत्म होने के बाद अब कनिका ने मेकर्स के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कनिका ने शो के मेकर्स और चैनल पर आरोप लगाया कि शो में भेदभाव किया गया और उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई। मीडिया रिपोट्र्स की माने तो कनिका सिर्फ इतने पर ही नहीं रुकी, वह चैनल के ऑफिस तक पहुंच गई और प्रोड्यूसर से भी भिड़ गई। शो के एक टास्क के दौरान कनिका और रुबीना दिलैक के बीच जमकर झगड़ा हुआ था। रुबीना ने आरोप लगाया था कि ऑस्ट्रिच से जुड़े टास्क को करने से पहले कनिका ने अपने फोन पर वीडियो देखा कि ऑस्ट्रिच को कैसे संभालते हैं। हालांकि, कनिका ने इस सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया था।



# ब्रह्मास्त्र के बाद 100 रुपये में देख सकेंगे पोन्नियिन सेलवन 1 मणिरत्नम ने की थिएटर मालिकों से मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने हाल ही में एलान किया था कि अब 100 रुपये में इस फिल्म को देख सकते हैं। उन्होंने ये मौका दर्शकों को नवरात्रि के अवसर पर दिया है। वहीं, अब दर्शकों को 'पीएस 1' भी 100 रुपये में दिखने का मौका मिल सकता है। मशहूर निर्देशक मणिरतन्म की ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म 'पोनिनयिन सेलवन 1 इस शुक्रवार यानी 30 सितंबर को दुनियाभर में पांच भाषाओं में रिलीज होने जा रही है। इसमे तमिल, तेलुगू, हिंदी, कनन्ड़ और मलयालम भाषा शामिल है। ऐसे में निर्देशक मणिरतन ने मुंबई में मल्टीप्लेक्स चेन से बात की है। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार मणिरतन्म 'पोनिनयिन सेलवन 1' को ज्यादा दर्शकों तक पहुंचाने के लिए इसके डायरेक्टर फिल्म की टिकट की कीमत कम रखना चाहते हैं। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि थिएटर मालिक उनके सुझाव पर सहमत हुए हैं या नहीं। रिपोर्टेस के मुताबिक बैठक में एक सूत्र ने बताया है कि मणिरतन्म की बात से थिएटर मालिक भी सहमत हो गए हैं। हालांकि अब वक्त आने पर पता चलेगा की फिल्म की टिकट 100 रुपये की हुई या नहीं 'पीएस 1' एक हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म तमिल नॉवेल पर आधारित है, जिसकी कहानी चोल साम्राज्य के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। इस नॉवेल को कल्कि कृष्णमूर्ति द्वारा लिखा गया है। यह भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है, जिसे लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय बच्चन से लेकर चियान विक्रम, तृषा कृष्णन, कार्थी, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जयम रवि जैसे स्टार्स शामिल हैं।



# करीना ने वैनिटी वैन से शेयर की ऐसी तस्वीर, हो गईं ट्रोल, यूजर्स बोले बुड्ढी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** करीना कपूर खान सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। करीना, फैंस को अपनी पर्सनल लाइफ से जोड़े रखने का एक मौका नहीं छोड़तीं। यही वजह है कि वह लगातार ट्रोल्स की फिक्र किए बिना अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं, कभी बिना मेकअप के तो कभी छोटे कपड़ों में। अब एक्ट्रेस ने अपनी टीम के साथ कुछ तस्वीर शेयर करते हुए वैनिटी वैन की एक झलक दिखाई है और बताया है कि असल में उनकी वैनिटी में होता क्या है। लेकिन इन तस्वीरों के लिए करीना को जबरदस्त ट्रोल किया जा रहा है दरअसल, बेबो ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह अपनी सेलेब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट यियानी त्सापटोरी, स्टाइलिस्ट लक्ष्मी लहर, स्टाइलिस्ट पॉम्पी और अन्य लोगों को साथ मजे लेते हुए नजर आ रही हैं। अदाकारा ने एक तस्वीर अपनी भी शेयर की है, जो उनका क्लोज अप है। इसमें करीना की नेचुरल स्कीन और मेकअप क्लियर दिख रहा है। कोई उनकी हिम्मत की तारीफ कर रहा है, तो कोई उन्हें ट्रोल कर रहा है।शेयर की गई फोटो में करीना ने एथलिक आउटफिट पहन रखा है। कजरारे नैन और माथे पर बिंदी लगाए वह प्यारी दिख रही हैं। उन्होंने अपने लुक को लाइट मेकअप और झुमकों के साथ कंप्लीट किया है।क्लोज अप फोटो डालने पर कई यूजर्स करीना को ट्रोल कर रहे हैं। कोई उन्हें आंटी कह रहा है, तो कोई नसीहत दे रहा है कि बेबो को अपने खाने पर ध्यान देने की जरूरत है वरना वह जल्द ही बुड्ढी हो जाएंगी। एक ने तो यह तक कह दिया कि वह करण जौहर की तरह दिखती हैं।करीना कपूर खान के आगामी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही नेटफ्लिक्स पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं।



# इंडियन आइडल के मेकर्स पर लगा फेक होने का आरोप, इस कंटेस्टेंट के साथ भेदभाव की उठी बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन पर कई रियलिटी शोज हैं जो अक्सर सोशल मीडिया पर सवालों के घेरे में आ जाते हैं। इन्हीं शो में से एक है सोनी टीवी का सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल'। इस शो को विशाल ददलानी, नेहा कक्कड़ और हिमेश रेशमिया जज कर रहे हैं। इंडियन आइडल 13 की कुछ समय पहले ही शुरुआत हुई है और अब इस शो के ऑडिशन राउंड खत्म हो चुके हैं और इस शो को टॉप 15 कंटेस्टेंट मिल चुके हैं, लेकिन इस बीच ही सोशल मीडिया पर लोग 'इंडियन आइडल 13' के मेकर्स को बुरी तरह से ट्रोल करते हुए शो को फेक बता रहे हैं। हाल ही में सोनी टीवी के इंस्टाग्राम पेज पर 'इंडियन आइडल 13' के टॉप 15 कंटेस्टेंट के नामों की घोषणा की गई। लेकिन इस लिस्ट में 13वें सीजन में ऑडिशन देने आए कंटेस्टेंट रीतो रीबा को 15 बेस्ट कंटेस्टेंट में जगह नहीं दी। जजेज और मेकर्स के 'रीतो रीबा' को अच्छा परफॉर्म करने के बावजूद जब शो में शामिल नहीं किया गया, तो सोशल मीडिया पर मौजूद लोगों को ये बिलकुल भी रास नहीं आया। लोग इस टैलेंट हंट शो को स्क्रिप्टेड बताते हुए मेकर्स पर 'रीतो रीबा' के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए इंडियन आइडल को फेक बता रहे हैं और सोशल मीडिया पर लगातार मेकर्स को ट्रोल कर रहे हैं। अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'रीतोरीबा को सलेक्ट न करने को लेकर बहुत ही निराश हूं। हर साल एक ही तरह की आवाज सुनने को मिलती है, वही अलाप वही दुःख भरी कहानी। कई सालों के बाद ऐसी फ्रेश आवाज सुनी थी, जो किसी की नहीं है'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'रीतो राबा टॉप 15 कंटेस्टेंट में शामिल होना डिजर्व करता था। उन्हें वापस लेकर आओ'। अन्य यूजर ने लिखा, 'ये बहुत ही दुःख की बात है कि अच्छे आर्टिस्ट को एलिमिनेट कर दिया जाता है। रीतो रीबा का विवाद शायद इसका मुख्य कारण था। मुझे ऐसा लगता है कि दूसरे कंटेस्टेंट की अपेक्षा रीतो रीबा का अपना क्रिएशन है। वह एक सच्चा आर्टिस्ट है'। इंडियन आइडल 13 में एक तरफ जहां सोशल मीडिया पर लोग रीतो रीबा को टॉप 15 में शामिल न करने पर गुस्साए हुए हैं, तो वहीं जिन कंटेस्टेंट को टॉप 15 की लिस्ट में ऑडिशन खत्म होने के बाद जगह मिली है, उसमें ऋषि सिंह, बिदिप्ता चक्रवर्ती, सोनाक्षी कर, सेंजुती दास, शिवम सिंह, नवदीप वडाली, चिराग कोटवाल, काव्या लिमाए, संचारी सेन गुप्ता, रूपम भरनारहिया, प्रीतम रॉय, देबोस्मिता रॉय, शगुन पाठक और विनीत सिंह शामिल हैं।



# ठीक-ठाक रहा सनी देओल की फिल्म का सिलसिला बस हुई इतनी ही कमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सनी देओल और दुलकर सलमान स्टारर फिल्म 'चुप' लगातार अच्छी कमाई कर रही है। 28 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने वीकेंड पर लगभग 7.13 करोड़ की कमाई की। ये साइको थ्रिलर मर्डर मिस्ट्री फिल्म दर्शकों को बहुत पसंद आ रही हैं। हालांकि वीकेंड में जहां थिएटर में 'चुप' को देखने लोग पहुंचे, तो वहीं सोमवार को फिल्म के कलेक्शन पर काफी असर पड़ा। सनी देओल की फिल्म ने सोमवार को करोड़ों का नहीं बल्कि लाखों का बिजनेस किया है। सोमवार को सनी देओल की फिल्म बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में करोड़ों की दीवार पार नहीं कर सकी और आर बाल्की की ये मर्डर मिस्ट्री फिल्म सिर्फ 0.85 लाख पर ही सिमट के रह गई। हालांकि अपने बजट और वर्किंग डे के हिसाब से सनी देओल और दुलकर सलमान की इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन ठीक ठाक ही रहा। पहले दिन जहां फिल्म ने 3.06 करोड़ के साथ जबरदस्त कमाई की, तो वही दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन पर असर पड़ा और इस फिल्म ने 2.7 करोड़ का बिजनेस किया। तीसरे दिन रविवार को फिल्म एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बना पायी और फिल्म ने 2 करोड़ कमाए, लेकिन चौथे दिन फिल्म के कलेक्शन ठीक ठाक रहा। अब तक फिल्म ने टोटल बॉक्स ऑफिस 7.98 करोड़ की अब तक की बॉक्स ऑफिस कमाई की है। सनी देओल को बॉलीवुड में उनके एक्शन अवतार के लिए पसंद किया जाता है। ऐसे में जब ढाई किलो के हाथ के लिए फेमस सनी देओल बिग स्क्रीन पर आए, तो फैंस ने उन पर खूब प्यार बरसाया। फिल्म में उन्होंने पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई। सनी देओल के अलावा सीता रामम स्टार दुलकर सलमान के फिल्म में किरदार को काफी पसंद किया गया। यह फिल्म एक स्टार और समीक्षकों के बीच की कहानी को दर्शाती है।




# नेहा कक्कड़ के सपोर्ट में आई क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पत्नी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जबसे फाल्गुनी पाठक के ओरिजिनल गाने 'ओ साजना' का रिमिक्स आया है, तबसे ही सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ है। इस रिमिक्स को नेहा कक्कड़ ने अपनी आवाज में गाया है। गाने को लेकर दोनों के बीच सोशल मीडिया पर जुबानी जंग छिड़ी हुई है। एक तरफ जहां सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स नेहा के गाने को खराब बताते हुए उन पर निशाना साध रहे हैं। तो वहीं दूसरी तरफ कुछ ऐसे भी फैंस हैं, जो नेहा के समर्थन में हैं। अब हाल ही में नेहा कक्कड़ की को स्टार और युजवेंद्र चहल की पतनी धनश्री वर्मा ने फाल्गुनी पाठक पर निशाना साधते हुए सिंगर नेहा कक्कड़ का सपोर्ट किया। नेहा कक्कड़ और फाल्गुनी के बीच चल रही इस सोशल मीडिया जंग के बारे में बात करते हुए क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पतनी और कोरियोग्राफर ने मिड डे से बातचीत करते हुए कहा, 'हम सभी को ये गाना बहुत पसंद है। हम सभी ये गाना सुनकर बड़े हुए हैं। हर साल हम ये गाना सुनते हैं। जब हमें ये पता लगा कि इस गाने को दोबारा से रिक्रिएट किया जा रहा है, तो हम दोनों ही बहुत उत्सुक हो गए थे, क्योंकि हम जानते थे कि इस गाने को हर कोई प्यार करता है और लोग तब भी इस पर प्यार बरसाएंगे जब हम इसको रीक्रिएट करेंगे। जिस तरह से हमारे कंपोजर साथ में आए हैं, उन्होंने इस गाने को और भी बेहतर बना दिया है। उन्होंने इस गाने के साथ पूरा न्याय किया है'। इस खास बातचीत से पहले जब नेहा कक्कड़ को सोशल मीडिया पर बुरी तरह से ट्रोल किया जा रहा था, उस दौरान धनश्री ने सिंगर के सपोर्ट में सामने आकर लिखा, 'मेरी मां को ये मांगा था।



# मुनमुन दत्ता की रियल में रहे हैं कई 'जेठालाल', शादीशुदा दोस्तों ने बयां किया है हाल-ए-दिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी की दुनिया का ऐसा शो है, जिसे लगभग हर कोई देखना पसंद करता है। टीआरपी की लिस्ट में अक्सर ही टॉप पर बने रहने वाला यह शो हर वक्त दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए तैयार रहता है। शो के सभी कैरेक्टर्स की अपनी इम्पोर्टेंस है। बच्चों की मस्ती से लेकर जेठालाल की बबीता के साथ फ्लर्टिंग ऑडियंस को खूब पसंद आती है। जेठालाल का बबीता जी की तरफ झुकाव अपने आप में एक अलग कहानी बयां करती है। जो काम जेठालाल दया के कहने पर तक नहीं करते, वह बबीता जी के प्यार से कहने पर कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ शो में ही नहीं बल्कि असल जिंदगी में भी शादीशुदा लोगों को बबीता जी यानी कि मुनमुन दत्ता पर क्रश रहा है। मुनमुन दत्ता की रील लाइफ उनकी रियल लाइफ से कुछ-कुछ मिलती है। एक इंटरव्यू में मुनमुन दत्ता ने इस बात का जिक्र किया था कि उनके कई शादीशुदा दोस्तों को उन पर क्रश रहा है। वह उनके साथ फ्लर्ट करते थे लेकिन वह भी बेबाकी से जवाब दे देती थीं। दत्ता ने बताया कि उनके कई दोस्त हैं जो उन्हें पसंद करते हैं, वह उन्हें अपना क्रश बताते हैं। इस पर मुनमुन कहती हैं कि आखिर किस औरत को इस तरह का अटेंशन पसंद नहीं आएगा। मुझे बहुत तारीफें मिलती हैं।मेरे कई दोस्तों को मुझपर क्रश है। लेकिन ये कोई नुकसान पहुंचाने वाले दोस्त नहीं हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा कि जब उनके दोस्त उन्हें कहते हैं कि वह उनका क्रश हैं, तो वह भी 'ठीक है' कहकर बात का जवाब दे देती हैं।मुनमुन दत्ता ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 'हम सब बाराती' सीरियल से एक्टिंग डेब्यू किया था। यहां से उन्हें कुछ खास पहचान नहीं मिली लेकिन इस शो ने उनके लिए दूसरे सीरियल करने के रास्ते खोल दिए थे। मुनमुन दत्ता ने इसके बाद 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का रोल निभाना शुरू किया। आज इस शो को 14 साल हो गए हैं और मुनमुन ने भी लगभग 14 साल इंडस्ट्री में पूरे कर लिए हैं। मुनमुन दत्ता को बबीता जी के किरदार ने घर-घर में नई पहचान दी है।



# कपिल शर्मा के शो में पहुंची 'पोन्नियन सेल्वन 1' की टीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड गलियारों में एक के बाद एक कई फिल्में रिलीज हो रही है। ऐसे में स्टार्स जमकर अपनी फिल्मों का प्रमोशन भी करते नजर आ रहे हैं। हर कोई अलग अलग प्लेटफॉर्म पर प्रमोशन करने पहुंच रहे हैं। इसी बीच अब 'द कपिल शर्मा शो' में 'पोनिन्यन सेल्वन 1' की टीम पहुंची। शो के मेकर्स ने प्रोमो वीडियो शेयर किया है जिसमे, स्टार्स विक्रम, त्रिशा कृष्णन, कार्ति और जायम रवि नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा रहा शो में एक-एक कर सभी स्टार्स की एंट्री हो रही है, जिसके बाद कपिल फिल्म की शूटिंग और कहानी से जुड़े कई सवाल पूछे और फिर विक्रम से उनकी 'अपरिचित' फिल्म का सहारा लेते हुए कुछ ऐसा पूछ लिया कि सब हंस पड़े। कपिल शर्मा, विक्रम से पूछते हैं, 'जब आप 'अपरिचित' शूट कर रहे थे आपके दिमाग में आया था कि एक दिन कपिल शर्मा के शो में जाने का मौका मिलेगा ऐसे में एक्टर ने भी बेहद मजेदार जवाब दिया और कपिल की बोलती बंद कर दी। विक्रम कहते हैं, 'हां, मैंने कभी नहीं सोचा था। बल्कि जब मैं आठवीं क्लास में था। यह 1976 की बात है। तब तो तुम पैदा भी नहीं हुए थे, है ना तभी सोच लिया था कि मुझे कपिल शर्मा शो में जाना है।'पोनिन्यन सेल्वन 1' की लीड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन इस प्रोमो वीडियो में नजर नहीं आई हैं। इस दौरान नजर नहीं आई है। ऐसे में ऐश्वर्या के फैंस नाखुश हो रहे हैं। बात करें फिल्म 'पोनिनयिन सेल्वन' की तो यह एक हिस्टोरिकल ड्रामा है, जिसे मणिरतन्म द्वारा निर्देशित किया गया है। 30 सितंबर 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।